# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024


गंगरेल खुला

## गर्मी का बांधों पर असर, पिछले साल से 22 फीसदी कम पानी



*प्रदेश के कई जिलों के मध्यम और छोटे बांधों में भी स्थिति चिंतनीय है। गत दो वर्षों में मई में जलस्तर के भंडारण का यह निम्न स्तर है। भीषण गर्मी के कारण मई के पहले पखवाड़े में राज्य के 12 बड़े बांधों में जल भंडारण स्तर में तेजी से गिरावट आई है। प्रदेश के बड़े बांधों में पिछले साल के मुकाबले 21.71 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2023 में जहां 58.22 प्रतिशत पानी था, वहीं वर्तमान में 36.51 जल भराव की क्षमता है। वहीं मध्यम बांधों में वर्ष 2023 में 49.30 प्रतिशत पानी था, वह अब मात्र 33.41 प्रतिशत पानी शेष है। धमतरी में स्थित प्रदेश का सबसे बड़ा बांध गंगरेल है, जहां से भिलाई स्टील प्लांट समेत धमतरी, भिलाई शहर और प्रदेश की राजधानी सहित अन्य जिलों में पेयजल के लिए पानी सप्लाई किया जाता है। बांध की क्षमता लगभग 32* शेष पेज 4 पर

- तालाबों को भरने पानी दिए जाने के बाद बांधों के जलभराव में आई भारी कमी

# इस बार नौतपा तपेगा नहीं, बगैर लू गुजरेगी गर्मी

## छग में मानसून सामान्य से 6% अधिक रहने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

इस बार नौतपा अधिक नहीं तपेगा। जिस तरह के हालात वर्तमान में बन रहे हैं, उसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार गर्मी बगैर लू के ही गुजर जाएगी। नौतपा के एक सप्ताह पहले राजधानी सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बदली-बारिश की स्थिति निर्मित हो रही है। इस दौरान तापमान में अधिक वृद्धि के आसार नहीं हैं। ऐसे शेष पेज 4 पर

### रायपुर का तापमान 40 से नीचे

नौतपा 25 मई से प्रारंभ हो रहा है, जो 2 जून तक चलेगा। धार्मिक दृष्टिकोण से ऐसा माना जाता है कि नौतपा में सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं और धरती के समीप आ जाते हैं, जिस वजह से सूर्य का तेज बढ़ जाता है। इस दौरान लोगों को अधिक गर्मी का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म कोरबा रहा। यहां तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया है। सबसे कम तापमान 21.2 डिग्री नारायणपुर शेष पेज 4 पर

- 25 मई से 2 जून तक रहेगा नौतपा, हालात को देखते हुए लू के आसार नहीं
- केरल में जल्द पहुंचा मानसून तो छग में 13-14 को बस्तर में होगी दस्तक



### अंधड़ की चेतावनी

ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तथा बन रहे सिस्टम के कारण प्रदेश में 17 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की चेतावनी भी जारी की गई है। वर्षा मुख्यतः दक्षिण छग में केंद्रित रहने की संभावना है। रायपुर में भी आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे।






### कस्टम मिलिंग घोटाले में ईडी रोशन को पूर्व में आठ बार नोटिस जारी कर चुकी

# कस्टम मिलिंग में कमीशन का खेल, बारी अब राइस मिलर्स की, ईडी ने रोशन को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोप में धमतरी के राइस मिलर तथा छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को ईडी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने उन्हें पीएमएलए कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने पंद्रह दिनों की रिमांड मांगी, जिस पर कोर्ट ने रोशन की पांच दिनों की रिमांड स्वीकृत की है।

गौरतलब है कि कस्टम मिलिंग घोटाला के आरोप में मार्कफेड तथा नान का तत्कालीन एमडी मनोज सोनी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मनोज सोनी से पूछताछ के आधार पर ईडी द्वारा रोशन चंद्राकर को आठ बार नोटिस जारी किए जाने की खबर है। ईडी द्वारा पूछताछ में सहयोग करने नोटिस जारी होने के बाद भी रोशन पूछताछ में शामिल नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक रोशन को ईडी ने नौवीं बार नोटिस जारी किया। इसके बाद रोशन कार्यालयीन समय में ईडी कार्यालय पहुंचा। प्रारंभिक पूछताछ के बाद ईडी ने रोशन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### नौवीं नोटिस में पूछताछ में शामिल होने पहुंचने पर किया गिरफ्तार

**रोशन राइस मिल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रह चुके हैं**



### आयकर छापे की कार्रवाई के बाद एक्शन में ईडी

राज्य में बड़े पैमाने पर कस्टम मिलिंग में घोटाला होने की जानकारी मिलने पर पिछले वर्ष आयकर विभाग ने मनोज सोनी के अलावा राज्य के कई राइस मिलरों के यहां छापे की कार्रवाई की थी। जांच में मनोज सोनी के यहां से संदिग्ध लेन-देन के दस्तावेज मिले थे। आयकर अफसरों ने इन दस्तावेजों को ईडी के सुपुर्द किया। इसके बाद मामले की जांच करते हुए ईडी ने मनोज सोनी को गिरफ्तार किया।

### प्रति क्विंटल 20 रुपए कमीशन लेने का आरोप

आयकर विभाग के अफसरों को मनोज सोनी के यहां से जो दस्तावेज हाथ लगे थे, उसमें कस्टम मिलिंग का डीओ जारी करने के एवज में प्रति क्विंटल 20 रुपए कमीशन देने का आरोप है। कमीशन की राशि रोशन से होते हुए मनोज सोनी तक पहुंचती थी। इसके बाद रिश्वत की राशि मनोज सोनी अन्य अफसरों तक पहुंचाने का काम करता था।

### आईटी ने कोर्ट में परिवाद पेश किया है

कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर आयकर विभाग ने पिछले वर्ष 15 सितंबर को सीजेएम कोर्ट में परिवाद भी दायर किया है। जिन लोगों के नाम से कोर्ट में परिवाद पेश किया गया है, उनमें नान के एमडी रहे मनोज सोनी के साथ कोरबा डीएमओ प्रितिका पूजा केरकेट्टा, राइस मिल एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष कैलाश रूंगटा, उपाध्यक्ष पारसमल चोपड़ा, कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, राइस मिलर संतोष अग्रवाल, अमित अग्रवाल तथा प्रशांत अग्रवाल के नाम शामिल हैं।

इधर, मनी लॉन्ड्रिंग पर सुप्रीम आदेश

### कोर्ट के समन पर पेश हुए तो ईडी नहीं कर सकती गिरफ्तार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि अगर मनी लॉन्ड्रिंग केस में कोई आरोपी यदि कोर्ट के समन पर हाजिर हुआ है तो उसे पीएमएलए की धारा 45 के तहत जमानत की दोहरी शर्त पूरी नहीं करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में साफ कर दिया कि जमानत की दोहरी शर्त सिर्फ उन्हीं अभियुक्तों पर लागू होगी जिन्हें जांच के बाद गिरफ्तार किया गया है।


#### ईडी को दिखाने होंगे पर्याप्त सबूत

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उस मामले में आया है, जिसमें ये सवाल किया गया था कि क्या मनी लॉन्ड्रिंग मामले में किसी आरोपी को जमानत के लिए दोहरे परीक्षण से गुजरना होता है। जस्टिस अभय एस शेष पेज 4 पर

#### धारा 45 में दोहरी शर्त का प्रावधान

पीएमएलए की धारा 45 में जमानत की दोहरी शर्त का प्रावधान है, जिसके चलते आरोपी को जमानत मिलना मुश्किल हो जाता है। पीएमएलए की धारा 45 के तहत जमानत देते हुए कोर्ट को इस बात के लिए आश्वस्त होना पड़ता है कि आरोपी ने वो अपराध नहीं किया है और जमानत के दौरान या भविष्य मे कोई ऐसा अपराध किये जाने की आशंका नहीं है।

## नक्सल मोर्चे पर शाह ने की साय सरकार की तारीफ सीएम बोले-आपका आभार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में विष्णु सरकार के आने के बाद यहां नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई के दौरान मिल रही अभूतपूर्व सफलताओं के लिए सरकार की पीठ थपथपाई है। गृह मंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद मात्र साढ़े चार माह में 112 नक्सली मारे गए हैं।

लगभग 375 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और 153 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। 5 महीने में अभियान को जबर्दस्त सफलता मिली है। ये इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के खिलाफ शेष पेज 4 पर

- साय ने कहा- विपक्ष दे रहा नक्सलियों को ताकत लेकिन मुकाम तक पहुंचेगी लड़ाई

### नक्सलवाद करेंगे समाप्त : साय

अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनका आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा है कि - आपके इस विश्वास के लिए हम आभारी हैं। आपके कुशल मार्गदर्शन में हम नक्सल समस्या के स्थाई समाधान की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। इस विषय में डबल इंजन की सरकार को बेहतरीन सफलता मिली है। निस्संदेह इस विषय पर विपक्ष द्वारा की जा रही राजनीति से नक्सलियों को ताकत मिलती है, पर शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### कविता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड




लंदन। प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक 'यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ)' में संगीत में उनके योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। 'मिस्टर इंडिया' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं हैं।

### उड़ान में टिशू पेपर पर बम लिखा मिला



नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एअर इंडिया की एक उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर बम शब्द लिखा देखा। यह नोट मिलने के बाद विमान की तलाशी ली गई। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### नकली पुलिस ने कैफे मालिक से लूटे 25 लाख




मुंबई। अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए। वे कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए। पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं।

## सुनील छेत्री ने किया संन्यास का ऐलान

- 6 जून को खेलेंगे अंतिम मैच
- 150 मैच में 94 अंतरराष्ट्रीय गोल
- 158 क्लब मैच 365 गोल
- 19 साल का कॅरियर समाप्त
- 2005 में किया था पदार्पण

*नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान किया है। वह 6 जून को कुवैत के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे।*





पिता पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

## बछड़े की मौत का बदला लेने तेंदुए को मार डाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

तेंदुए का शिकार किए जाने के मामले में वन अमले की टीम ने तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण की बछड़े को तेंदुए ने मार गिराया था। इससे आक्रोश में आकर बछड़े में जहर मिला दिया गया था, जिसे पुनः खाने से तेंदुए की मौत हो गई थी और उसके अंगों को काटकर ले गए थे। इस मामले में शेष पेज 4 पर

### बछड़े पर हमले से थे नाराज

आरोपी गोविंद ने बताया कि उसके बछड़े को किसी वन्य जीव ने हमला कर मार दिया था। उसने अपने मृत बछड़े में फोरेट मिला दिया और जब तेंदुआ पुनः बछड़े का मांस खाने पहुंचा तो मांस खाने के कुछ ही क्षणों बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद गोविंद सिंह और लाल सिंह और दर्रीपारा निवासी राम प्रसाद तेंदुए के अंग को काटकर ले भागे थे।

## मोदी बोले- 100 नहीं, 125 दिन का ब्लूप्रिंट तैयार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तीसरे कार्यकाल के लिए सिर्फ पहले 100 दिन नहीं, बल्कि कुल 125 दिनों का ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है। एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार उन लोगों पर विशेष फोकस करेगी, जो पहली बार मतदाता बने हैं। यानी



युवा शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए पीएम मोदी नया प्लान तैयार करवा रहे हैं। पीएम शेष पेज 4 पर

### 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य

प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि देश के युवा अपने विचारों को देश के सामने रखें और अपनी प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करें। पीएम मोदी ने कहा, मैं युवाओं की भागीदारी चाहता हूं और चाहता हूं कि वे अपने विचार साझा करें।






छत्तीसगढ़ की 11 सीटों का लेखा-जोखा...

# इस बार आधी आबादी वोटिंग में पुरुषों से पीछे !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

संसदीय चुनाव में मतदान के अंतिम आंकड़े आ गए हैं। 11 लोकसभा सीट में पर 72.80 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह वर्ष 2019 की तुलना में 1.31 प्रतिशत अधिक है। कुल 2 करोड़ 6 लाख 58 हजार वोटरों में से 1 करोड़ 50 लाख 40 हजार 444 ने वोट डाले। आधी आबादी पर अधिक फोकस वाले इस चुनाव में महिलाएं मताधिकार का प्रयोग करने में इस बार पीछे रह गईं। पुरुष मतदाताओं की तुलना में 1.17 प्रतिशत कम महिलाओं ने वोट डाले, इस कारण भाजपा और कांग्रेस ही नहीं बल्कि राजनीति शेष पेज 4 पर



### पांच विधानसभा में महिलाओं ने दिखाया दम

जांजगीर लोकसभा के छह विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोटिंग किया। यहां के कसडोल, पामगढ़, बिलाईगढ़, जैजपुर, सक्ती और अकलतरा विधानसभा में महिलाओं का वोट प्रतिशत अधिक रहा। यहां की चंद्रपुर और जांजगीर-चांपा विधानसभा में पुरुष मतदाता से महिलाएं पीछे रहीं।

### सीएम के क्षेत्र कुनकुरी में महिला वोटर आगे

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में महिला वोटरों ने पुरुषों के मुकाबले लगभग 2 प्रतिशत अधिक वोट किया। यहां के खरसिया और सारंगढ़ विधानसभा में भी महिलाओं का वोट प्रतिशत अधिक रहा। शेष विधानसभा में पुरुष मतदाता आगे रहे।

### 9 लोकसभा में एक या दो विस में महिलाएं रहीं आगे

निर्वाचन द्वारा जारी आंकड़ों को देखा जाए तो अधिकतर लोकसभा क्षेत्रों में महिलाओं का वोट प्रतिशत घटा है। बस्तर लोकसभा के 8 विधानसभा क्षेत्र में नारायणपुर को छोड़कर सभी जगह महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले कम रहा। कांकेर लोकसभा में डौंडीलोहारा विधानसभा को छोड़कर सभी विधानसभा में महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुषों से कम रहा। राजनांदगांव में खुज्जी और मोहला मानपुर में महिलाओं ने ज्यादा वोट किया, शेष विधानसभा में वे पुरुषों से पीछे रहीं। दुर्ग शेष पेज 4 पर



हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



# मोदी एक ही सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करने वाले तीसरे प्रधानमंत्री

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान उनके साथ गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई पार्टियों के चीफ और कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं, पीएम ने नॉमिनेशन दाखिल करने के बाद एक और नया रिकॉर्ड बनाया है। वे ऐसे पीएम बने चुके हैं जिन्होंने तीसरी बार एक ही सीट से नामांकन दाखिल किया है। आइए जानते हैं ऐसे पीएम जिन्होंने एक ही सीट से तीन बार नामांकन दाखिल किया।*

## पीएम के रूप में मोदी से लंबा कार्यकाल रहा है सिर्फ तीन नेताओं का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की फूलपुर लोकसभा सीट से पंडित जवाहर लाल नेहरू तीन बार सांसद बने और प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचे। देश की आजादी के बाद नेहरू यहां से 1952, 1957 और 1962 में चुनाव जीता था। इस सीट पर हमेशा बीजेपी को कड़ी टक्कर मिलती रही है। अब हम बात करें दूसरे प्रधानमंत्री की तो अटल बिहारी वाजपेयी के नाम भी यह रिकॉर्ड दर्ज है। अटल लखनऊ की लोकसभा सीट से एक नहीं बल्कि पांच बार सांसद बने। इसमें से तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ।

## सबसे ज्यादा दिन तक नेहरू के नाम पीएम रहने का रिकॉर्ड

पीएम के रूप में मोदी से लंबा कार्यकाल सिर्फ तीन लोगों का रहा है। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह। तीनों कांग्रेस से थे। सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के नाम है।



नेहरू 16 साल 9 महीने और 12 दिन तक प्रधानमंत्री रहे। सबसे लंबे समय तक पीएम रहने के मामले में नेहरू के बाद दूसरे नंबर पर उनकी बेटी इंदिरा गांधी हैं। इंदिरा दो हिस्से में कुल 15 साल 11 महीने 17 दिन प्रधानमंत्री रहीं। तीसरे नंबर पर मनमोहन सिंह हैं। मनमोहन लगातार 10 साल चार दिन तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे। पीएम मोदी अगर अपना कार्यकाल पूरा करते हैं तो मनमोहन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 साल 350 दिन तक प्रधानमंत्री रहे हैं।

## यूपी ने अब तक दिए सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री

अब तक देश में कुल 14 प्रधानमंत्री हुए हैं। लेकिन सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश ने दिए हैं। स्वतंत्रता के बाद पहले देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु का संबंध उत्तर प्रदेश से है। नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से प्रतिनिधित्व किया और जीत दर्ज की। हालांकि, 1962 में निधन के कारण वो अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। देश के दूसरे पीएम यानी कि लाल बहादुर शास्त्री भी इलाहाबाद सीट से जीतकर संसद पहुंचे। पंडित जवाहर लाल नेहरु की निधन के बाद लाल बहादुर शास्त्री देश के प्रधानमंत्री बने। पंडित जवाहर लाल नेहरु की बेटी इंदिरा गांधी साल 1966 में पहली बार देश की पीएम बनी। उस समय वह राज्यसभा की सांसद थी। उनका पहला कार्यकाल केवल 14 महीनों का ही रहा था। वह 24 जनवरी साल 1966 से लेकर 4 मार्च साल 1967 तक पीएम पद पर काबिज रहीं। इसके बाद साल 1967 के लोकसभा चुनाव में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली सीट से जीतीं और पीएम बनीं।

## चौधरी चरण बने पांचवे पीएम

उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले चौधरी चरण सिंह देश के पांचवे पीएम बने। साल 1977 के लोकसभा चुनाव में चौधरी चरण सिंह ने भारतीय लोक दल पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश के बागपत सीट से जीत हासिल की और प्रधानमंत्री बने। इंदिरा गांधी के बेटे राजीव गांधी का कार्यकाल 31 अक्टूबर साल 1984 से लेकर 2 दिसंबर साल 1989 तक था। इस इलेक्शन में राजीव गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। विश्वनाथ प्रताप सिंह राजीव गांधी के निधन के बाद देश के प्रधानमंत्री बने। वीपी सिंह 2 दिसंबर साल 1989 से लेकर 10 दिंसबर साल 1990 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। वह उत्तर प्रदेश के फतेहपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। देश के 11वें प्रधानमंत्री चंद्रशेखर साल 1989 में उत्तर प्रदेश के बलिया लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। अटल बिहारी वाजपेयी को तीन बार पीएम बनने का अवसर मिला।

## सोशल मीडिया

### स्मृति को रिश्ता बनाने में लगेंगे 40 साल



*कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, स्मृति ईरानी अपने राजनीतिक मकसद के साछ अमेठी आई थीं। उन्हें रिश्ता बनाने में 40 साल लगेगा। मैं गांव-गांव में जा रही हूं। जब हम छोटे थे तब भी आते थे। चाहे हम सांसद रहें या ना रहें इससे हमारा कोई ताल्लुक नहीं है। जनता और नेता के बीच एक आदर का रिश्ता था। वो अब नहीं निभाया जा रहा है। जनता जानती है कि उनके लिए अच्छा क्या है। "मैं जनता को कहती हूं कि जागरुक बनें। समझें की कौन से पार्टी आपके लिए क्या कर रही है और पहले क्या किया।*

### भाजपा की विदाई की झांकी तैयार : अखिलेश




*सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है, जो साथी जानकार होंगे वो जानते होंगे भाजपा का ग्राफ गिरता जा रहा है। इस बार लोग भाजपा की विदाई की झांकी तैयार कर रहे हैं। इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमारा किसान परेशान हो गया। हमारे किसानों की लूट हो गई, जब किसान खाद की बोरी लेकर के आया, खाद की बोरी से भी चोरी हो गई और जब डीएपी किसान खरीदने गया तो नैनो यूरिया खरीदनी पड़ी।*

## 'पीओके भी हमारा है पाक अधिकृत कश्मीर हम लेकर रहेंगे'

### सीतामढ़ी की चुनावी जनसभा में बोले गृहमंत्री

**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह ने सीतामढ़ी, बिहार की चुनावी सभा में राजद और कांग्रेस को जमकर घेरा. अमित शाह ने आरक्षण, परिवारवाद, अयोध्या राम मंदिर का मुद्दा सामने रखा। अमित शाह ने एनडीए की सरकार फिर एकबार बनाने की अपील की और सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर बनाने की बात कही। नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा का भी वादा किया। जबकि अमित शाह ने साफ शब्दों में कहा कि पीओके भी हमारा है और पाक अधिकृत कश्मीर हम लेकर रहेंगे। अमित शाह ने अपने संबोधन में अयोध्या के राम मंदिर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बाबर के जमाने में राम मंदिर तोड़ा गया था। कांग्रेस पार्टी और राजद ने कई साल तक राममंदिर के प्रश्न को लटकाया और भटकाया। आपने नरेंद्र मोदी को आपने प्रधानमंत्री बनाया तो केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया। मोदी जी ने जय सिया राम का नारा दिया।



### लालू यादव पर निशाना साधा

अमित शाह ने कहा कि आज आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र सीतामढ़ी बने, हम ऐसा मंदिर यहां बनाएंगे। मैं आज लालू जी से पूछना चाहता हूं कि आप बिहार और केंद्र को मिलाकर आप 25 साल सत्ता में रहे तो कभी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की याद क्यों नहीं आयी. अमित शाह ने परिवारवाद को मुद्दा बनाते हुए कहा कि लालू जी आपको याद क्यों आएगा। आप तो बेटा, बेटी, दूसरी बेटी, तीसरी बेटी.. इन सबके लिए ही देखेंगे।

## 'फ्री राशन' को चुनाव में भुना रही है भाजपा : मायावती

### बसपा सुप्रीमो ने भाजपा पर बोला जमकर हमला

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने बीजेपी के प्रचार को 'फेक वीडियो' तक बता दिया और लोगों से इस पर भरोसा न करने की अपील की है। मायावती ने इस दौरान बीजेपी के फ्री के राशन पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार गरीबों पर कोई मेहरबानी नहीं कर रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर महंगाई और फ्री राशन को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा. उन्होंने एक्स पर लिखा- देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एण्ड कम्पनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है।



### गरीबों का उड़ाया जा रहा मजाक

पूर्व सीएम ने आगे कहा कि लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट माँगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय. यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूँ फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें। लोकसभा चुनाव के बीच मुफ्त के राशन को लेकर सियासत तेज हो गई है।

## राहुल गांधी के सामने परिवार की विरासत बचाने की होगी अग्नि परीक्षा

# पिछले तीन चुनाव से रायबरेली में लगातार बढ़ा है भाजपा का वोटबैंक

*लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल रायबरेली लोकसभा सीट पर 20 मई को होने वाले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच दिलचस्प मुकाबला होने के आसार हैं। गांधी परिवार के परंपरागत गढ़ की विरासत संजोए रखने के इरादे से इस बार यहां से नेहरू-गांधी खानदान की पांचवी पीढ़ी के राहुल गांधी कांग्रेस ने प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

रायबरेली सीट पर कांग्रेस का सियासी किले में सेंध लगाने के लिए एक ठोस रणनीति के साथ भाजपा ने योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह पर एक बार फिर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस की सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी और भाजपा के वोट बैंक में इजाफा किया था। पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर लगातार बढ़ते वोट बैंक की वजह से भाजपा को इस बार यहां जीत की उम्मीद है, लेकिन कांग्रेस भी रायबरेली से पांच पीढ़ियों के रिश्तों की दुहाई देकर गांधी परिवार की सियासी विरासत कायम रखने की उम्मीद से चुनावी जंग में है।



राहुल गांधी



ठाकुर प्रसाद यादव



दिनेश प्रताप सिंह

### गांधी परिवार की सर्वाधिक सुरक्षित सीट

उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट कांग्रेस खासकर गांधी परिवार के लिए सबसे सुरक्षित सीटों में मानी जाती है, जो नेहरु-गांधी परिवार का सियासी गढ़ बना हुआ है। फिरोजगांधी, इंदिरा गांधी, अरुण नेहरु के बाद पिछले पांच चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची सोनियां गांधी इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं, जो राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी है, लेकिन इस परंपरागत सीट खासतौर से मां सोनिया गांधी की सियासी विरासत को बरकरार रखने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस सीट से लोकसभा चुनाव की जंग में ताल ठोक रहे हैं। उधर साल 2019 में यहां से सोनिया गांधी से पराजित होने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा के टिकट पर एक बार फिर कांग्रेस के खिलाफ पिछली हार का बदला चुकता करने के प्रयास में हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव समेत आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### ये रायबरेली सीट का चुनावी इतिहास

रायबरेली लोकसभा सीट पर अब तक हुए 20 चुनावों में 17 चुनाव कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीते हैं, जबकि भाजपा को दो तथा जनता दल को एक जीत नसीब हो चुकी है। आजदी के बाद पहले दो चुनाव में कांग्रेस के फिरोज गांधी ने जीते, जिनके निधन के बाद 1960 का उपचुनाव कांग्रेस प्रत्याशी आरपी सिंह के पक्ष में गया। इसके बाद 1962 का चुनाव कांग्रेस के बैजनाथ कुरील ने जीता। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने 1967 व 1971 के दो चुनावों में लगातार जीत हासिल की, लेकिन आपातकाल में चली कांग्रेस विरोधी लहर में यहां से जनता पार्टी के राजनारायण के सामने इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने फिर वापसी की, लेकिन उन्होंने दूसरी सीट से जीत की वजह से इस सीट को छोड़ दिया, जिसके उपचुनाव और फिर 1984 के चुनाव में कांग्रेस के अरुण नेहरु यहां से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके बाद अगले दो चुनाव में कांग्रेस की शीला कौल यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची। 1996 और 1998 के चुनाव में यहां से भाजपा के अशोक सिंह ने चुनाव जीता। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने फिर वापसी करते सतीश शर्मा को सांसद बनवाया। कांग्रेस के विजय अभियान को जारी रखते हुए साल 2004 से यहां सोनिया गांधी ने इस विरासत को आगे बढ़ाया और एक उपचुनाव समेत लगातार पांच चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची।

### भाजपा को जीत का पूरा भरोसा

भाजपा को इस बार रायबरेली सीट से जीत का पूरा भरोसा है। इसकी वजह ये है कि इस सीट पर 2009 में सोनिया गांधी को 72.23 प्रतिशत मिले थे, तो भाजपा को 3.82 प्रतशत वोट मिला और यह अंतर 68.41 प्रतिशत का था। जबकि 2014 के चुनाव में सोनिया गांधी को घटकर 63.80 प्रतिशत वोट और भाजपा को 21.05 प्रतिशत वोट मिले यानी पांच साल में भाजपा का 17.23 प्रतिशत वोट बढ़ा। जबकि साल 2019 में निर्वाचित होने के बावजूद सोनिया गांधी को वोट प्रतिशत और घटकर 55.78 प्रतिशत रह गया और भाजपा का बढ़कर 38.35 प्रतिशत हो गया। यहां भी भाजपा के वोट शेयर में 17.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और कांग्रेस व भाजपा की हारजीत का अंतर भी महज 17.43 फीसदी था।

### जातीय समीकरण होंगे निर्णायक

रायबरेली लोकसभा की करीब 34 लाख की आबादी में यदि जातीय और सामाजिक समीकरणों पर नजर डालें तो यहां 29 लाख से अधिक हिंदू और 4.13 लाख यानी 12.13 फ़ीसदी मुस्लिम आबादी है। हिंदुओं की आबादी में सबसे ज्यादा 34 प्रतिश दलित और करीब 26 फीसदी पासी हैं। इसके बाद 11 फीसदी ब्राह्मण, 12 फीसदी यादव, 6 फीसदी लोध, 5 फीसदी राजपूत, 4 फीसदी कुर्मी और बाकी अन्य जातियां हैं।

## यूपी के प्रतापगढ़ में बोले पीएम मोदी

# '4 जून को बलि का बकरा खोजा जाएगा...खटाखट-खटाखट'

एजेंसी ▶▶| प्रतापगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को प्रतापगढ़ की चुनावी सभा में कहा कि 4 जून को इंडी गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा और विपक्ष बलि का बकरा खोजेगा। विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि चुनाव के बाद ये लोग गर्मी की छुट्टियों पर विदेश चले जाएंगे। यहां सिर्फ हम रह जाएंगे और देशवासी रह जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, 'पराजय के बाद बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट खटाखट। शहजादे चाहें दिल्ली वाले हों या लखनऊ वाले, ये शहजादे गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट खटाखट। किसी ने तो मुझसे कहा कि शायद उन्होंने टिकट बुक कराने की सूचना भी दे दी है। ये खटाखट खटाखट भाग जाएंगे। हम ही रह जाएंगे। देशवासी रह जाएंगे।



### '4 जून को बिखर जाएगा इंडी अलायंस'

प्रधानमंत्री ने कहा, '4 जून के बाद यह इंडी गठबंधन टूट कर बिखर जाएगा खटाखट खटाखट। 4 जून को बलि के बकरे को ढूंढ़ा जाएगा खटाखटा खटाखट।' उन्होंने कहा, 'ये एनडीए की स्थिर सरकार को हटाना चाहते हैं। लेकिन इनका (इंडी अलायंस) सरकार चलाने का फॉर्मूला है- हर साल एक नया पीएम। ये चाहते हैं कि भानुमति का कुनबा जोड़ने वालों को लूट का बराबर मौका मिले। ये आपको मंजूर है क्या?' पीएम मोदी ने कहा, 'जो पहले असंभव था, आज वह संभव हो पाया है। यह बदलाव, यह सफलता मोदी के कारण नहीं... बल्कि आपके एक वोट के कारण हुआ है।

## राकांपा नेता शरद पवार ने किया पलटवार

# 'मोदी को पहले थी विकास में रुचि, अब बस राजनीति कर रहे'

एजेंसी ▶▶| नासिक

महाराष्ट्र के नासिक जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करते हुए शरद पवार ने कहा कि जब वे गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे तब उन्हें विकास के मुद्दों में प्रामाणिक रुचि हुआ करती थी अब उनकी रुचि सिर्फ राजनीति है। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस मुसलमान को ध्यान में रखते हुए बजट बनाना चाहती है उसे पर जवाब देते हुए शरद पवार ने कहा कि बजट समूचे देश के लिए होता है। किसी व्यक्ति जाति या धर्म का नहीं होता। वह सभी का होता है, कल से वह जो कह रहे हैं कि मुस्लिम के लिए अलग बजट होगा ऐसा कतई नहीं हो सकता। पवार ने आगे कहा, मेरे बारे में तो मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा कि यह महज राजनीति है और कुछ नहीं।



### किसानों के लिए क्या किया?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक में प्रचार सभा में कहा था कि शरद पवार ने कृषि के लिए और प्याज उत्पादक किसानों के लिए क्या किया? इस पर जवाब देते हुए शरद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुझसे पूछते हैं कि मैंने कृषि के लिए क्या किया है, पर जब वह खुद गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। तब उनके गुजरात राज्य से जुड़ा कृषि का कोई भी मुद्दा हो तो वह मेरे पास आते थे।

**'उन्हें मेरी पार्टी की इतनी चिंता क्यों?':** राज ठाकरे की राजनीति पर बोलते हुए पवार ने कहा कि राज ठाकरे का महाराष्ट्र की राजनीति में क्या स्थान है यह मुझे मालूम नहीं है। पीएम की एक टिप्पणी के जवाब में पवार ने कहा कि आखिर उन्हें मेरे पार्टी की इतनी चिंता क्यों है? पीएम ने रैली में कहा था कि शरद पवार की पार्टी जब टूट रही थी उस वक्त शरद पवार क्या सो रहे थे?

## चुनाव में किसी भी उम्मीदवार के नामांकन में होती है इनकी अहम भूमिका

# निर्दलीय चुनाव लड़ने पर होती है 10 प्रस्तावकों की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार नामांकन दाखिल किया है। इसमें उनके चार प्रस्ताव बनाए गए। पीएम मोदी के प्रस्तावकों में बैजनाथ पटेल, गनेश्वर शास्त्री द्रविड़, संजय सोनकर और लालचंद कुशवाहा का नाम शामिल है। इससे पहले सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन में प्रस्तावक के हस्ताक्षरों में गड़बड़ी के कारण पर्चा रद्द हो गया अब सवाल है कि आखिर प्रस्ताव कौन होते हैं और नामांकन में इनका क्या काम होता है? क्या प्रस्तावकों के बिना कोई भी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकती है। आइए जानते हैं इसे




### कौन होते हैं प्रस्तावक?

प्रस्तावक का अंग्रेजी में अर्थ प्रपोजर होता है। चुनाव में किसी भी उम्मीदवार के नामांकन में इनकी अहम भूमिका होती है। चुनाव में यह शख्स रिटर्निंग ऑफिसर के सामने पेश होते हैं और उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव रखते हैं। प्रस्तावक उसी निर्वाचन क्षेत्र के होने चाहिए जहां से उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा होता है। अगर कोई उम्मीदवार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल से है तो उसे न्यूनतम 1 प्रस्तावक की जरूरत होती है। अगर कोई प्रस्तावक गैर मान्यता प्राप्त दल या निर्दलीय चुनाव लड़ता है तो उसे कम से कम 10 प्रस्तावकों की जरूरत होती है।

### क्या है इनकी भूमिका?

*चुनाव में प्रस्तावक की भूमिका अहम होती है। प्रस्तावक ही बताता है कि यह हमारा उम्मीदवार है और यह इस सीट से यहां से चुनाव लड़ेगा। इनका काम है रिटर्निंग आर्फिसर के सामने अपने उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव देना। इसी कारण से इन्हें प्रस्तावक प्रपोजर कहते हैं। एक अहम बात जो ध्यान रखना जरूरी है कि प्रास्तावक का उस सीट का निवासी होना अनिवार्य है। प्रस्तावक का नाम उस जगह के वोटर लिस्ट में शामिल होना जरूरी है। प्रस्तावक की संख्या में कम ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती है।*

### कौन बन सकता है प्रस्तावक?

*प्रस्तावक बनने के लिए किसी भी शख्स को कोई डिग्री की जरूरत नहीं पड़ती है। मतलब प्रस्तावक का पढ़ा लिखा होना जरूरी नहीं है वो अंगूठा लगाकर भी प्रस्तावक बन सकता है। प्रस्तावक बनने में सबसे अहम बात यह होता है कि उसको उस जगह का निवासी होना जरूरी है और उसका नाम स्थानीय वोटिंग लिस्ट में होना चाहिए। नामांकन के दौरान प्रस्तावकों को अपनी पूरी जानकारी देनी होती है। अगर कोई जानकारी गलत होती है तो उम्मीदवारों का नाम रद्द कर दिया जाता है।*

रायपुर
शुक्रवार, 17 मई 2024
बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष : 22, अंक : 299
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 39.7
न्यून. 28.5


हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं
# गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र के पूर्व सीएम व विदिशा से लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि भाजपा ने कभी भी हिंदू-मुसलमान पर चर्चा नहीं की। भाजपा किसी धर्म के खिलाफ नहीं है पीएम मोदी ने भी स्पष्ट रूप से ये कहा है। भारत में धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं है। लेकिन विपक्षी दलों ने दाएं-बाएं घुमाकर इसे देना प्रारंभ किया है। भाजपा ने हमेशा न्याय की राजनीति की है, तुष्टिकरण की नहीं। भाजपा के लिए सब एक हैं। गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं है। वे हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

## शिवराज चौहान से हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'




### ये भी बोले शिवराज

- दुनिया भारत और मोदी के बिना नहीं चल सकती
- संविधान का जितना आदर भाजपा करती है, कांग्रेस ने कभी नहीं किया
- कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में हैं, वह अब 'रीजनल पार्टी' बन गई है

▶▶| *प्रश्नः जम्मू-कश्मीर में भाजपा चुनाव क्यों नहीं लड़ रही?*

▶▶| उत्तरः भाजपा देश और देश की जनता के लिए काम करती है। कश्मीर में प्रगति और विकास हो रहा है। भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए है, ऐसा नहीं है। हम संगठन को मजबूत करेंगे फिर चुनाव लड़ेंगे। तात्कालिक रूप से फैसले पार्टी लेती है।

### उनसे सीधी बात

▶▶| *प्रश्नःविदिशा लोकसभा सीट पर चुनाव होने के बाद आप देश के अलग-अलग राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए क्यों निकल पड़े?*

▶▶| उत्तरः भाजपा राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण का अभियान और आंदोलन है। राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण के लिए, देश की सेवा के लिए, जनता के कल्याण के लिए, दरिद्र नारायण की सेवा के लिए भाजपा राजनीति करती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने नई ऊंचाइयां छुईं। दुनिया भारत और मोदी के बिना नहीं चल सकती। भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन कोई कराएगा तो वो भाजपा है। पार्टी का काम भगवान की पूजा जैसा है। इसलिए, जहां जो काम पार्टी देती है उसको अपनी सामर्थ्य और पूरी क्षमता के साथ पूरा करने का प्रयत्न करता हूं। यह हमारा कर्तव्य है। पार्टी का काम ही हमारे लिए देश का काम है।

▶▶| *प्रश्नः मध्यप्रदेश आपका मंदिर और आप इसके पुजारी थे, अब देश में कहां पूजा करने के लिए निकल पड़े?*

▶▶| उत्तरः देश में ही मध्यप्रदेश है। पार्टी में जब आप काम करते हैं तो पार्टी तय करती है कि आपको क्या करना है। पार्टी के आदेश पर लोकसभा का चुनाव लड़ा और साथ में मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए गया। प्रदेश की जनता की सेवा का करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है।


▶▶| *प्रश्नः 2014, 2019 और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में क्या अंतर है?*

▶▶| उत्तरः 2014 से पहले माना जाता था कि ऐसे मुद्दे जो केवल नारे लगाने के माने जाते थे। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद पूरे हुए हैं। धारा 370 का समाप्त हुई। सीएए लागू हो रहा है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ। देश की आर्थिक मोर्चे पर प्रगति हमारे सीने को गर्व से भर देती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कार से दो शव निकाले अब तक 16 की मौत



**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में सोमवार को होर्डिंग गिरने से हुए हादसे में मृतकों की संख्या 16 पहुंच गई है। बचावकर्मियों ने सोमवार देर रात होर्डिंग के नीचे मलबे में दबी एक कार से दो शव और निकाले हैं। छेड़ा नगर इलाके में रात 12 बजे के कुछ समय बाद होर्डिंग के नीचे फंसी एक कार से पुरुष और एक महिला के शव निकाले गए।

### तीन वाहन आपस में टकराए, चार की मौत



**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई के उपनगर मदुरन्थकम में दो बसों और एक लॉरी की आपस में हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। एक बस चेन्नई की ओर आ रही थी जिसके चालक का इससे नियंत्रण खो गया और वह एक लॉरी से टकरा गई।

### पाक से भारत लौटीं गीता अब आठवीं कक्षा में



**इंदौर।** बहुचर्चित घटनाक्रम के दौरान पड़ोसी पाकिस्तान से वर्ष 2015 में अपने देश भारत लौटीं गीता आठवीं की परीक्षा में बैठने के लिए तैयार हैं। मध्यप्रदेश के राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अगले हफ्ते से शुरू होने वाली इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 33 वर्षीय मूक-बधिर महिला की अर्जी मंजूर कर ली है।

### कार में बंद तीन वर्षीय बच्ची की मौत



**कोटा।** राजस्थान के कोटा में कार में बंद हो जाने के कारण तीन वर्षीय एक बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। घटना बुधवार शाम की है, जब बच्ची के माता-पिता शादी समारोह में गए थे। बच्ची की पहचान गोरविका के रूप में हुई। अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ शादी समारोह में गए थे।

### चार चरणों में 45 करोड़ ने किया मतदान



**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। उसका यह भी कहना है कि करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

# चारधाम, चार इंतजाम, मोबाइल और रील पर बैन, अभी ऑफलाइन पंजीयन बंद

एजेंसी ▶▶| देहरादून

चारधाम यात्रा 10 मई को शुरू हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बुधवार तक पहले छह दिन में ही देश-विदेश के 3,34,732 श्रद्धालु इनके दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। 25 अप्रैल को चारधामों के लिए पंजीकरण शुरू किया गया था। गुरुवार शाम तक 27 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पंजीकरण किए जा चुके हैं। प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे एक पत्र में कहा है कि शुरूआती दिनों में ही पवित्र धामों में श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था नहीं करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले 30 अप्रैल को राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर 25 मई तक चारधामों में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था पर रोक की बात कही गयी थी।

पत्र में रतूड़ी ने यह भी कहा है कि धामों में दर्शन की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं के अनिवार्य पंजीकरण की व्यवस्था की है और धामों में श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति केवल उन्हीं तिथियों में दी जाएगी, जो उन्हें पंजीकरण के समय दी गयी हैं। उन्होंने राज्यों में अपने समकक्षों से श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत इस सूचना का उचित माध्यमों से प्रसार करने को भी कहा है। रतूड़ी ने बुजुर्गों तथा पहले से गंभीर बीमारी से पीड़ित श्रद्धालुओं को यात्रा शुरू करने से पहले अपना परीक्षण करवाने तथा उत्तराखंड के स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा है।

**अब तक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**
- 3.3 लाख चारधाम के दर्शन कर चुके
- 1.5 लाख केदारनाथ धाम
- 70,433 यमुनोत्री धाम
- 63078 गंगोत्री धाम
- 45637 बद्रीनाथ धाम



*चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं की उमड़ रही भारी भीड़ के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था न करने तथा हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण 19 मई तक बंद रखने का निर्णय लिया है। गुरुवार को चारधाम मंदिरों के 50 मीटर के दायरे में रील बनाने या वीडियोग्राफी करने पर रोक लगा दी है।*

### सीएम धामी ने जाना हाल

सीएम धामी ने वर्चुअल माध्यम से रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जिलों के जिलाधिकारियों से यात्रा संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। भीड़ प्रबंधन और यात्रा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को स्वयं वहां जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### हर दिन बढ़ रहे श्रद्धालु

राज्य के मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में चारधाम यात्रा सही तरीके से चल रहा है। काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए सभी इंतजाम कर रखा है। लेकिन, यह देखा जा रहा है कि मंदिर परिसर में रील बनाने या वीडियोग्राफी करने से अन्य श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है।

### ऋषिकेश में रोक गए श्रद्धालु

ऋषिकेश अधिकारियों का कहना है कि सभी चारधाम पर इस समय काफी ज्यादा भीड़ है। अभी स्थित सामान्य करने के लिए यात्रियों को रोका गया है, जैसी स्थिति संभल जाती है उन्हें वैसे ही रवाना कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि ऋषिकेश में ठहरे यात्री तब तक आसपास के तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकते हैं।

**जांच में जुटी मनेंद्रगढ़ पुलिस**

# पत्रकार की हत्या, खून से सनी लाश मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

गुरुवार की सुबह चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे एक पत्रकार की रक्त रंजित लाश बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। मामले की जांच के लिए अंबिकापुर से फारेंसिक टीम भी पहुंची।



- चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे मिला शव

जानकारी के अनुसार शहर के चनवारीडांड़ में 16 मई की सुबह मौहारपारा निवासी पत्रकार रईस अहमद उम्र करीब 32 वर्ष का शव मिला है। बताया जा रहा है कि मौहारीपारा ग्राउंड के पास ही पत्रकार का शव खून से लथपथ पड़ा था, जिसकी ▶▶|शेष पेज 4 पर


### घर के पास मिला खून से भीगा गमछा

पुलिस जांच में पता चला कि रईस अहमद पिछले करीब एक माह से चनवारीडांड़ में किराए के मकान में अपनी पत्नी एवं तीन साल की बेटी के साथ रहता था। उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूरी पर मिला है। मकान के पास खून से लथपथ एक गमछा भी मिला है। आशंका है कि रईस की हत्या घर में या घर के पास की गई है, फिर वहां से शव लाकर मैदान में फेंका गया है।

### घर पर आया था बाइक सवार

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि रईस अहमद के मोबाइल फोन पर सुबह करीब 5 बजे दो-तीन कॉल आए हैं। सुबह एक युवक भी उसके घर बाइक से आया था, जो डेढ़ घंटे बाद सुबह घर से गया है। रईस देर रात तक अपने पत्रकार साथियों के साथ था, लेकिन सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। पुलिस रईस अहमद की पत्नी से भी पूछताछ कर रही है। घटनास्थल पर काफी संख्या में लोग पहुंच गए थे, जिन्हें पुलिस ने हटाया।

# ट्रांसपोर्ट विवाद में हुई थी कांग्रेस नेता की हत्या शूटर समेत छह पकड़े गए



- नारायणपुर, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मामले को सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर/भिलाई

नारायणपुर के कांग्रेस नेता विक्रम बैस की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा ली है। मामले में छह आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। 13 मई को आरोपियों द्वारा नारायणपुर निवासी विक्रम बैस की हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। घटना में ▶▶|शेष पेज 4 पर



फरार आरोपी

### यह हैं आरोपी

1. विश्वजीत नाग पिता हाराधन नाग (48), निवासी 66 नं. बेलघड़िया थाना बेलघड़िया, जिला कलकत्ता (पं.ब.), वर्तमान निवास बंगलापारा, मनीष राठौर का गोदाम, नारायणपुर
2. संदीप यादव उर्फ संजू पिता अरूण यादव (24), निवासी सुभाष चौक देहान (गौठान के पास) बोरसी थाना पद्मनाभपुर दुर्ग
3. राजीव रंजन यति उर्फ राजू उर्फ बिहारी पिता हीरा लाल यति (41), निवासी पिपरा थाना मीरगंज जिला गोपालगंज (बिहार), वर्तमान निवास- रूट नं. 11 ब्लॉक नं. 09 रूम नं. 11, सेक्टर 09 हॉस्पिटल सेक्टर, थाना कोतवाली, सेक्टर - 06 दुर्ग
4. आर. सैमुआल उर्फ रायनुन्तलम पिता स्व. आरसी रत्नम (39), निवासी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भिलाई के कॉफी हाउस में बनी थी मर्डर की प्लानिंग

मनीष राठौर, जसप्रीत सिंह सिद्धू, विश्वजीत नाग, विप्लव एवं विवेक अधिकारी द्वारा लगभग डेढ़ महीने पहले हत्या की साजिश रची गई थी। इस के लिए भिलाई के इंडियन कॉफी हाउस में पिस्टल खरीदने एवं हत्या की प्लानिंग हेतु मनीष राठौर, विश्वजीत नाग, राजीव रंजन यति उर्फ राजू उर्फ बिहारी, संदीप यादव उर्फ संजू और सैमुआल उर्फ ▶▶|शेष पेज 4 पर

# मालीवाल से मारपीट, केजरीवाल के सहयोगी के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से कथित रूप से मारपीट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की। 'आप' संयोजक के निजी सहायक बिभव कुमार को आरोपी बनाया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले को लेकर कुमार को शुक्रवार को तलब किया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पी.एस. कुशवाह के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम द्वारा मालीवाल का बयान दर्ज करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

### सीएम हाउस में दुर्व्यवहार



### मालीवाल का बयान दर्ज

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार द्वारा कथित मारपीट के मामले में आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज किया। दिल्ली पुलिस की दो सदस्यीय टीम ने मध्य दिल्ली स्थित मालीवाल के आवास पर उनका बयान दर्ज किया।

### भाजपा ने साधा केजरीवाल पर निशाना

भाजपा ने चुप्पी साधने के लिए अरविंद केजरीवाल पर गुरुवार को निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री एक 'गुंडे' की तरह व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि केजरीवाल इस मामले में 'मुख्य अपराधी' हैं।

**मामला तूल पकड़ा, जांच के आदेश**

# अंगुली की जगह जीभ का कर दिया ऑपरेशन

एजेंसी ▶▶| कोझिकोड

केरल के एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसमें चिकित्सकों ने चार साल की बच्ची का गुरुवार को उंगली की जगह जीभ का ऑपरेशन कर दिया। मामला तूल पकड़ा तो इसके जांच के आदेश दे दिए गए। चिकित्सा महाविद्यालय के मातृत्व एवं बाल देखभाल केंद्र में बच्ची की छठी उंगली को हटाने के लिए सर्जरी की जानी थी।



### एक ही दिन में दो ऑपरेशन पर चूक

अस्पताल ने माना है कि एक ही दिन दो बच्चों की सर्जरी की जानी थी, इसी वजह से यह चूक हुई है। बच्ची इस समय अस्पताल में भर्ती है और परिवार पुलिस से शिकायत करने की तैयारी में है। इन लोगों ने चूक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बताया कि बच्ची को जीभ में कोई समस्या नहीं थी।

**काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का दावा**

# कोवैक्सीन लगवाने वाले 30 फीसदी को हेल्थ प्रॉब्लम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक दल द्वारा किए गए एक साल के अध्ययन में दावा किया गया कि भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके 'कोवैक्सीन' लगवाने वाले लगभग एक-तिहाई व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन स्वास्थ्य समस्याओं को 'विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं' या एईएसआई की संज्ञा दी है। अध्ययन में भाग लेने वाले 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की है कि उन्हे कौवैक्सीन लगवाने के बाद श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है। यह संक्रमण उनके श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुआ। अध्ययन में दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने वाले एक प्रतिशत व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें मस्तिष्काघात एवं गिलियन-बर्र सिंड्रोम से ग्रस्ति हुए। इस सिंड्रोम में लोगों के पैरों का सुन्न होना शुरू होता है तथा यह लक्षण शरीर के अन्य अंगों में फैलने लगता है।

### त्वचा, तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियां

बीएचयू के शोधकर्ताओं द्वारा जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में बताया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद लगभग एक तिहाई व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें उन्हें त्वचा से संबंधित बीमारी, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा। खासकर किशोरों को ये समस्याएं हुईं।




### इतने लोगों में किया शोध

शोध में 635 किशोर और 391 वयस्क शामिल थे। इन सभी लोगों को टीका लगवाने के एक साल बाद की जांच के लिए संपर्क किया गया था। अध्ययन के मुताबिक, 10.5 प्रतिशत किशोरों को त्वचा से संबंधित बीमारियां, 10.2 प्रतिशत को सामान्य बीमारियां, 4.7 प्रतिशत तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों से ग्रस्त हुए।

### महिलाओं को ऐसी दिक्कतें आईं

अध्ययन में यह भी दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद 4.6 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं देखी गईं। इसमें यह भी बताया गया कि चार व्यस्कों (तीन महिला और एक पुरुष) की भी मौत हुई। इन चारों को मधुमेह था, जबकि तीन को उच्च रक्तचाप था और उनमें से दो लोगों ने कोवैक्सिन टीका लगवाया हुआ था।

## चिंतन

# नव आर्थिक सुधार के बिना समावेशी विकास संभव नहीं

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को लेकर जो अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान जाहिर किया है, वह वास्तविता के करीब ही है। लेकिन अर्थव्यवस्था के आकार से समावेशी विकास और गरीबी उन्मूलन का कोई ताल्लुक नहीं है। अर्थव्यवस्था के आकार बढ़ने का मतलब विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने से भी नहीं है। कोविड उपरांत की अर्थव्यवस्था के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं, जो भारत के विकसित देश बनने की राह की कांटें हैं। पीएमईएसी के मुताबिक, भारत वित्त वर्ष 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। वर्ष 2027 तक भारत आकार के हिसाब से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बावजूद भारतीय अर्थवयवस्था के सामने बुनियादी चुनौतियां बनी रहेंगी। प्रति व्यक्ति वार्षिक आय, मानव विकास सूचकांक, विश्व गरीबी सूचकांक, हर व्यक्ति तक शिक्षा व स्वास्थ्य की पहुंच, स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार, गरीबी उन्मूलन, सबके लिए रोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता आदि मानक हैं, जिनमें भारत की स्थिति एक लोअर मिडिल इनकम वाले देश की है। महज 23 वर्ष की अवधि में इन सभी मानदंडों पर खरा उतरना आसान नहीं है। वैश्विक वित्तीय संस्थान डेलायट की रिपोर्ट के मुताबिक भारत अगर अगले 20 वर्ष तक लगातार 8-9 फीसदी दर से जीडीपी ग्रोथ करेगा, तभी वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल कर सकेगी। विकसित राष्ट्र बनने के लिए अर्थव्यवस्था के आकार बढ़ने के साथ मानवीय विकास के दूसरे सूचकांकों में भी बेहतर परिणाम हासिल करना होता है। पीएमईएसी के मुताबिक, कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बाजार मूल्य पर भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है। जापान अभी 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार चुनाव संबोधनों में भारत के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने की बात दोहराते रहते हैं, लेकिन सरकार इसके लिए कभी कोई रोडमैप पेश नहीं करती है। अगर अर्थव्यवस्था की तरलता सब्सिडी व सरकारी योजनाओं पर निर्भर हो, अगर बैंकों में बचत जमा में कमी आ रही हो, पांच किलो मुफ्त राशन व अन्य मुफ्त स्कीमों से अगर सरकार बड़ी आबादी को आश्रित बना रही हो, तो अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता का लक्ष्य कैसे हासिल करेगी? एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत का मौजूदा आर्थिक परिदृश्य वैश्विक तुलना में इंप्रेसिव है, लेकिन जब नई सरकार बनेगी, तो उसके सामने अर्थवयवस्था में सुधार की अनेक चुनौतियां होंगी। भारत को आर्थिक सुधार के अगले स्ट्रक्चरल व नीतिगत चरण में प्रवेश करने की जरूरत है।


## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

आर.पी. पराशर



# हाइपरटेंशन से बचाव के लिए एक्टिव जीवनशैली अपनाएं

उच्च रक्तचाप यानी हाइपरटेंशन का अर्थ है धमनियों में रक्त प्रवाह का तेज हो जाना। जब सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर लगातार 140 से ऊपर व डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 100 से ऊपर रहे तो इसे हाइपरटेंशन कहा जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस समय पूरे विश्व में हाइपरटेंशन के 130 करोड़ मरीज हैं जिनमें से 22 करोड़ अकेले भारत में ही हैं। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक मौतें हाइपरटेंशन के कारण हो जाती हैं। भारत में कुल होने वाली मौतों की 63% मौतें गैर संक्रामक रोगों के कारण होती हैं, जिनमें से 27 प्रतिशत हृदय रोगों के कारण होती हैं। देश में हाइपरटेंशन के मामलों में 25% तक कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित कर विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च व भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनिशिएटिव की शुरुआत 2017 में की गई थी। गत 18 मार्च 2024 को इंटरनेशनल जनरल ऑफ पब्लिक हाइजीन में छपी आईसीएमआर की स्टडी के अनुसार देश में 15.9% लोग हाइपरटेंशन के शिकार हैं, जबकि 33.7% लोग प्री- हाइपरटेंशन की स्टेज में हैं। यह स्टडी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अंतर्गत 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 707 जिलों से लिए गए आंकड़ों के आधार पर की गई थी। हाइपरटेंशन के मरीजों के बारे में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि देश में मात्र 12% हाइपरटेंसिव मरीजों का ब्लड प्रेशर नियंत्रण में है। इससे बचाव के उपायों और इलाज के बारे में लोगों को जागरूक और शिक्षित कर न केवल हाइपरटेंशन का इलाज कर लोगों को मौत से बचाया जा सकता है, बल्कि देश की 33.7 आबादी जो इस समय प्री हाइपरटेंसिव स्टेज में है, को हाइपरटेंशन से बचाया जा सकता है। हाइपरटेंशन से बचाव और इलाज के लिए दवा से भी महत्वपूर्ण है स्वस्थ जीवन शैली अपनाना। नियमित रूप से व्यायाम, योग, ध्यान के साथ-साथ हेल्दी फूड हाइपरटेंशन से बचाव और सफल इलाज के लिए अति आवश्यक हैं। हाइपरटेंशन होने के मुख्य कारण जंक फूड, फास्ट फूड, डिब्बाबंद फूड, प्रोसेस्ड फूड के अलावा गरिष्ठ व अधिक नमक, चीनी वसायुक्त भोजन का लगातार सेवन, व्यायाम का



अभाव तथा तनाव, चिंता, अवसाद जैसी मानसिक स्थिति का लगातार बने रहना। हाइपरटेंशन से बचाव और इलाज के लिए जरूरी है कि हम अपने आहार विहार और जीवन शैली में उपरोक्त कारणों को मद्देनजर रखते हुए परिवर्तन करें। आयुर्वेद के मतानुसार हाई ब्लड प्रेशर दो तरह के दोषों पित्त और वात की वजह से होता है। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर के इलाज में आयुर्वेदिक औषधियों की मदद से इन दोषों को ही संतुलित करने का प्रयास किया जाता है। सर्पगंधा, जटामांसी, पुनर्नवा, ब्राह्मी, वच, शंखपुष्पी आदि आयुर्वेदिक औषधियां हाइपरटेंशन के उपचार में मदद करती है। इसके अलावा तुलसी, पुनर्नवा, गुलकंद, तगर आदि दवाएं दिमाग की शांति के लिए उपयोगी हैं। मूड सही करने तथा तनाव को दूर करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए शाकाहार सबसे अच्छा उपाय है। खीरा, तरबूज, खरबूज, अजवाइन, करेला और लहसुन को अपनी डाइट में शामिल करें तो हाइपरटेंशन में काफी आराम मिलेगा। टमाटर, खीरा, चुकंदर, संतरा, तरबूज व खरबूजे का जूस हाइपरटेंशन के इलाज के लिए फायदेमंद है। वनस्पति घी का प्रयोग कम मात्रा में करें, रिफाइंड तेल का प्रयोग बिल्कुल न करें। चाय, कॉफी, आदि कैफीन उत्पादों से परहेज करना हाई बीपी के मरीजों के लिए बेहद जरूरी है। हाइपरटेंशन के मरीज शराब व धूम्रपान को पूर्णतया त्याग दें। भोजन में नमक की मात्रा 1500 मिलीग्राम से 2300 मिलीग्राम प्रतिदिन से अधिक नहीं से अधिक नहीं होनी चाहिए। चूंकि नमक में विद्यमान सोडियम ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है इसलिए सोडियम के बजाय पोटेशियम युक्त खाद्य पदार्थो का प्रयोग करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, केला, संतरा, आलू, शकरकंदी, ड्राई फ्रूट, सब्जियों और फलों के बीच पोटेशियम के अच्छे स्त्रोत माने जाते हैं। हाइपरटेंशन से छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से व्यायाम, योग व ध्यान करना बेहद जरूरी है। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट वॉकिंग, जॉगिंग, डांसिंग जैसी एरोबिक एक्सरसाइज व्यक्ति को हाइपरटेंशन से बचाए रखने में मददगार है। योग में ध्यान के नियमित अभ्यास से तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है। पंचकर्म की स्नेहन, स्वेदन, विरेचन, वमन और शिरोधारा जैसी थेरेपी सहयाक है।

(लेखक मनोचिकित्सक एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ, सीएमओ (आयुर्वेद), दिल्ली नगर निगम हैं।)

# पहाड़ों पर बढ़ती भीड़ यानि आपदा की आहट



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पट खुलने के बाद ही चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के चलते सरकारी व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। आलम यह है कि इस यात्रा के प्रवेश द्वार हरिद्वार से 170 किलोमीटर आगे बारकोट तक 45 किमी लंबा जाम है तो दूसरी ओर गंगोत्री-यमुनोत्री मार्ग पर हालात काफी बदतर हैं जिसमें हजारों श्रद्धालु 25 घंटे से फंसे होने का समाचार है। आलम यह है कि रास्ते में फंसे श्रद्धालु जहां हाड़ कंपाने वाली ठंड में सड़कों पर रात गुजारने के लिए मजबूर हैं वहीं लोगों को भोजन और पानी के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। दूसरी ओर आपदा में अवसर ढूंढने वालों की भी कमी नहीं है वे श्रद्धालुओं से टैक्सी और खाने- पीने की चीजों के लिए दोगुनी - तिगुनी कीमतें वसूल रहे हैं। खबरों के मुताबिक यमुनोत्री - गंगोत्री मार्ग में जाम में फंसे 12 लोगों की मौत अभी तक हो चुकी है। चारधाम यात्रा के पहाड़ों पर हजारों वाहनों और श्रद्धालुओं के बोझ के चलते भूस्खलन का खतरा भी मंडरा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक इस साल चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में 44 फीसदी तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। पिछले साल 2023 में विपरीत मौसम और कोरोना प्रोटोकॉल के बावजूद जहां 54 लाख श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने चारधाम यात्रा किया वहीं इस साल यह संख्या 80 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। गौरतलब है कि जैसे - जैसे पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ इन इलाकों में बढ़ रही है वैसे-वैसे सरकार भी लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए विकास योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

केंद्र सरकार चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए ऑलवेदर रोड बना रही है लेकिन इससे पहाड़ कमजोर होने लगे हैं। दरअसल पहले लोग चारधाम यात्रा में आध्यात्मिक भाव लेकर जाते थे लेकिन अब एक बड़ा तबका इन स्थानों में सैर-सपाटे के लिए जा रहे हैं फलस्वरूप पहाड़ों पर ऐसे लोगों की भीड़ बढ़ रही है जिनका उद्देश्य धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि मौज-मस्ती करना है। बीते कुछ सालों के दौरान सोशल मीडिया में अपना फालोवर्स बढ़ाने के सनक के चलते 18 से 25 साल के यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया यूजर्स की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है जो हिमालय के वादियों में बसे चारधाम के खूबसूरत वादियों और धार्मिक माहौल का रील्स बनाने के उद्देश्य से पहाड़ों पर आ रहे हैं। इस तीर्थ क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई किया है जिन्होंने शराब या किसी अन्य मादक पदार्थों का सेवन किया हुआ था। इस साल अभी तक पुलिस ने 30 लोगों के खिलाफ नशाखोरी का मामला दर्ज कर चालानी की कार्रवाई की है।दूसरी ओर चारधाम में ऐसे श्रद्धालुओं के तादाद भी हर साल बढ़ रहे हैं जो ढोल - नगाड़ों के तेज आवाज में शोर शराबे के साथ भक्ति गीत पर नृत्य करते हैं। बीते 10 मई को केदारनाथ में ऐसे ही कुछ ग्रुप्स का पुरोहितों और श्रद्धालुओं ने विरोध किया है। बहरहाल ऐसे गतिविधियों से जहां देवस्थानों के मंदिरों की मर्यादा भंग हो रही है वहीं हिमालय के पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। गौरतलब है कि अनेक पर्यावरणविदों ने चेतावनी दी है कि उत्तराखंड का यह क्षेत्र डेंजर जोन की श्रेणी में आता है और यहां कि चट्टानें बहुत नाजुक हैं जो किसी भी भारी आवाज से दरक सकते हैं लेकिन मौज- मस्ती करने वालों पर इस चेतावनी का कोई असर नहीं पड़ रहा है। बहरहाल यह हर धर्मावलंबी की जवाबदेही है कि वह अपने धार्मिक केंद्रों की मर्यादा और शुचिता के प्रति गंभीर हो और इसके लिए उन्हें आत्म अनुशासित होना होगा।




अलबत्ता हिमालय का पर्वतीय क्षेत्र मनुष्य के लिए सदैव ही आस्था और आकर्षण का केंद्र रहा है हिंदू धर्म के अलावा अनेक धर्मों के प्रमुख तीर्थस्थल इन्हीं पहाड़ों पर हैं तो हिमालय के तराई की सुरम्यता सैलानियों को बहुत लुभाती भी है।वैश्विक महामारी कोरोना के बाद उत्तराखंड में चारधाम यात्रा केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, बद्रीनाथ, जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ तीर्थक्षेत्र एवं वैष्णो देवी सहित हिमाचल प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों के धार्मिक और पर्यटक शहरों में श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की भीड़ में लगातार इजाफा हो रहा है। इन तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर खासकर गर्मियों और सर्दियों की छुट्टियों में इन स्थानों में लोगों की काफी भीड़ होती है। श्रद्धालुओं और सैलानियों की भारी भीड़ के चलते पहाड़ों और सड़कों पर घंटों वाहनों की लंबी-लंबी कतारें घंटों तक जाम में फंसने की खबरें अब आम हो चुकी है। हाल के वर्षों में पहाड़ों पर विकास योजनाओं और क्षमता से ज्यादा मानव बसाहट के चलते पहाड़ी इलाकों में लगातार आपदाएं बढ़ रही है। देश अभी भी 2013 में देवभूमि उत्तराखंड के केदारनाथ में हुए जल तांडव को नहीं भूला है। गौरतलब है कि 16 जून की रात केदारनाथ मंदिर के पीछे ग्लेशियर पर बादल फटने और उसके बाद आई भीषण बाढ़ ने केदारनाथ में भारी तबाही मचाई थी जिसमें 5000 लोगों की मौत हो गई वहीं हजारों लोग आज भी लापता हुए थे और 4500 गांव तबाह हो गए थे। उत्तराखंड यह मंजर भूला भी नहीं था कि 7फरवरी 2021 को चमोली जिले के रैणी गाँव के पास ऋषिगंगा घाटी में ग्लेशियर टूटने से हुई भारी तबाही हुई है।इस हादसे में 60 लोगों की मौत तथा लगभग 150 लोग लापता हुए थे।इस त्रासदी में अलकनंदा की सहायक नदियों धौलीगंगा और ऋषिगंगा के जलप्रलय ने दो हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट ऋषिगंगा और विष्णुगढ़ को तबाह कर दिया था। साल 2023 में भी उत्तराखंड में कुदरती हादसों ने एक बार फिर मनुष्य को चेताया है कि अब पहाड़ों का सब्र टूट रहा है। इस साल जोशीमठ में जमीन धंसने और घरों व सड़कों पर बड़ी - बड़ी दरार आने के फलस्वरूप प्रशासन को शहर खाली कराना पड़ा वहीं सिलक्यारा - बारकोट सुरंग धसकने से 41 मजदूरों का जान सांसत में आ गया था और उन्हें कई दिनों के जद्दोजहद के बाद बचाया जा सका।

विचारणीय है कि मानव सभ्यता का विकास प्रकृति के गोद में हुआ है लेकिन उसने सबसे ज्यादा असभ्यता कुदरत के साथ ही दिखाई है। आधुनिक विकास की अंधी दौड़ हमारी सभ्यता, संस्कृति के साथ प्रकृति को भी लगातार निगल रही है।विकास का सपना शुरू में बड़ा लुभावना लगता है लेकिन जब यह विनाश बनकर प्रकट होता है तो वह प्रलयंकारी और भयावह होता है।

दरअसल उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू कश्मीर सहित अन्य पहाड़ी राज्यों के सरकारों ने आर्थिक विकास के लिए पर्यटन उद्योग तथा पनबिजली संयंत्रों को प्राथमिकता में शामिल कर लिया है। आलम यह है कि इन राज्यों में पन बिजली संयंत्र के लिए नदियों के अविरल प्रवाह को रोककर,पहाड़ों को खोदकर टनल, बैराज,पुल, पावर प्रोजेक्ट , कृत्रिम पर्यटन स्थल बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सुगम यातायात और आवास के लिए इन इलाकों के पहाड़ों को काटकर सड़कें बनाई जा रही है अथवा चौड़ी की जा रही हैं। तमाम पर्यावरणीय कानूनों को धता बताकर होटल, रिसॉर्ट, रोपवे और कृत्रिम पर्यटन स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। यातायात दबाव से भी पहाड़ का परिस्थितिकीय तंत्र बिगड़ रहा है। दैत्याकार क्रेन और भारी निर्माण उपकरण पहाड़ों को खोद रहे हैं, चट्टानी सीने को बारुद के विस्फोटों से तोड़ा जा रहा है।नदियों में बेतहाशा रेत खनन हो रहा है, नदियों के मुहाने पर क्रशर प्लांट लगा दिया गया है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है फलस्वरूप पहाड़ों की मिट्टी बांधकर रखने की क्षमता कमजोर हो रही है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंट्रीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिमालयन क्षेत्र के ग्लेशियर बड़ी तेजी से टूट रहे हैं, ग्लेशियरों को जोड़े रखने के लिए सब-जीरो टेंपरेचर की जरूरत है। प्रकृति के साथ निर्ममता के कारण हिमालयन क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिग का खतरा लगातार बढ़ रहा है फलस्वरूप बादल फटने जैसी घटनाएं बढ़ रही है। हिमालय इस समय बीते 20 सालों में सबसे गर्म है। अलबत्ता पहाड़ों के प्रति अनुदारता के लिए आम नागरिक भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। हिमालय क्षेत्र में चारधाम यात्रा सहित अन्य पर्यटन स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के वाहनों के धुएं और हार्न उस इलाके में वायु और ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं तो दूसरी ओर लोगों द्वारा हर महीने हजारों टन प्लास्टिक कचरा जिसमें प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन बैग, शीतल पेय के केन, स्ट्रा, चिप्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य डिस्पोजेबल सामान पहाड़ों, जंगलों या नदियों में फेंक दिए जाते हैं। एक एनजीओ "हीलिंग हिमालय" के प्रदीप सांगवान बताते हैं कि हिमालयन क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से वे रोज 1.5 टन गैर बायोडिग्रेडेबल कचरा इकट्ठा करते हैं। गौरतलब है कि ये प्लास्टिक कचरे हिमालय के तापक्रम को बढ़ाते हैं जिससे ग्लेशियर पिघलता है फलस्वरूप यहां आपदाओं की आशंकाएं बढ़ जाती है। इन परिस्थितियों में मानव समाज और सरकार को अपने व्यवहार और कार्यप्रणाली में पहाड़ों, नदियों और जंगलों को विमर्श लाना ही होगा अन्यथा प्रकृति का सब्र टूटेगा तो पहाड़ों पर त्रासदियां आती रहेंगी जिसका खामियाजा अंततोगत्वा मनुष्य को ही चुकाना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित

दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित

प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया। उसके बाद सेठ अमीरचंद ने कभी भी ईर्ष्या नहीं की, क्रोध का भी त्याग कर दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### टूटते परिवारों के लिए जिम्मेवार कौन?

दुनियाभर में परिवार के महत्व को समझाने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनरल एसेंबली ने सन 1993 को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। अब हर वर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। बेशक इस दिवस की शुरुआत विदेश से हुई है, लेकिन हमें दूसरे देशों की अच्छी बातों को ग्रहण करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए और न ही यह तर्क देना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमारे देश की परंपरा नहीं है। परिवार का महत्व क्या है, इसकी अहमियत हमारे देश में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में तो सारी पृथ्वी को अपना परिवार समझा जाता है, तभी तो हमारे देश में कहा जाता है 'वसुधैव कुटुम्बकम।'

*- संतोष देवांगन, कुम्हारी*

## करंट अफेयर

### चीन और कंबोडिया में 15 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू

कंबोडिया पर बढ़ते चीन के प्रभाव को लेकर उठ रहे सवालों के बीच दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को 15 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। कंबोडिया के लगभग 1,315 सैन्यकर्मी और चीन के 760 सैन्यकर्मी थल और जल सैन्याभ्यास 'गोल्डन ड्रैगन' में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा चीन के तीन और कंबोडिया के 11 पोत भी इसका हिस्सा हैं। पहले चरण का अभ्यास कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह के उत्तर पश्चिम में लगभग 90 किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सैन्य अड्डों पर शुरू किया गया है। कंबोडिया की सेना के कमांडर इन चीफ जनरल वोंग पिसेन ने नए उपकरण उपलब्ध कराने और रीम नामक नौसैनिक अड्डे समेत अन्य सैन्य सुविधाओं को उन्नत बनाने में मदद करने के लिए चीन को धन्यवाद दिया। अमेरिका और अन्य देश इस बात को लेकर चिंचित हैं कि रीम पर एक गोदी के निर्माण में चीन की भागीदारी से यह थाईलैंड की खाड़ी पर चीन की नौसेना के लिए नयी निगरानी चौकी बन सकता है। इसके अलावा, चीन के युद्धपोत पांच माह से अधिक समय से गोदी पर खड़े होने से अमेरिका और अन्य देशों की चिंताओं को बल मिला है।



## ऑफ बीट

### हमारे शरीर में स्थित खून का रंग लाल क्यों होता है

रक्त हमारे शरीर के भीतर होता है, लेकिन जब हमें रक्तस्राव होता है तो हम इसे बाहर देखते हैं, जैसे कि जब हमें कट लगता है या नाक से खून बहता है।



रक्त हीमोग्लोबिन नामक वस्तु के कारण लाल होता है। हीमोग्लोबिन लाल होता है और यह हमारे रक्त को लाल बनाता है। लेकिन हीमोग्लोबिन किस काम के लिए होता है? दरअसल, हमें अपने रक्त में ऑक्सीजन ले जाने के लिए हीमोग्लोबिन की आवश्यकता होती है। यह थोड़ा जटिल लग सकता है, तो आइए अधिक बारीकी से देखें कि हमें ऑक्सीजन की आवश्यकता क्यों है, और हमें अपने रक्त में ऑक्सीजन ले जाने के लिए हीमोग्लोबिन की आवश्यकता क्यों है। हर किसी को जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है। हमारे शरीर को काम करने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। हमारा शरीर लाखों-करोड़ों छोटी-छोटी कोशिकाओं से बना है। हमारे शरीर की सभी कोशिकाओं को जिस हवा में हम सांस लेते हैं उससे ऑक्सीजन और हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन से पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। कोशिकाएं ऊर्जा बनाने के लिए ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का उपयोग करती हैं ताकि वे अपना काम कर सकें।

## ट्रेंड

### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे



स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की खबर से गहरा सदमा लगा। मैं इस कायरतापूर्ण और कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और पीएम फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत स्लोवाक गणराज्य के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हमारी कर्मभूमि



रायबरेली और अमेठी हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गयी, जिनकी शुरू की गयी सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### सच्ची लड़ाई



जीवन की सच्ची लड़ाई यह है : विलुप्त होने वाले लोग जो संपूर्ण मानवता का विनाश चाहते हैं। वे किसी को कुछ नहीं समझते - बनाम -विस्तारवादी जो सितारों तक पहुंचना चाहते हैं और ब्रह्मांड को समझना चाहते हैं। वे पूरी कायनात को देखना चहाते हैं।

**-एलन मस्क, उद्योगपति**

### लूटने आते हो



इस दुनिया में मजे मारने नहीं आते हैं आप, लुटने आते हो। ये जगत है ही इसीलिए कि हमको मूर्ख बना-बनाकर हमें लूटता जाए। एक-एक चीज, एक-एक व्यवस्था, आप जिसमें शामिल हैं, आप अगर देख पाएं तो दिखेगा कि कैसे आपका शोषण होता है।

**-आचार्य प्रशांत, आध्यात्मिक गुरु**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





# ऐश्वर्या का 'कॉन फेस्टिवल' में स्वागत

एजेंसी ▶▶ पेरिस

*77 वें कान फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय भी हिस्सा ले रही हैं। वे बेटी आराध्या के साथ फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंची हैं। जब अभिनेत्री कांस पहुंचीं तो वहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके भव्य स्वागत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।*

सामने आई तस्वीर में देखा जा सकता है कि गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत किया गया। फैंस का प्यार देखकर ऐश्वर्या के चेहरे पर भी मुस्कान तैर आई। ऐश्वर्या राय कई बार कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले चुकी हैं। पहली बार उन्होंने वर्ष 2002 में कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया था। इस बार भी वे फेस्टिवल में चार चांद लगाएंगी। ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या बच्चन को 16 मई को फ्रांस के कान्स में होटल मार्टिनेज में स्पॉट किया गया। ब्लैक और ब्लू कलर के आउटफिट में ऐश्वर्या काफी स्टाइलिश लग रही हैं। उन्होंने भी हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या ब्लैक पैंड और स्वीटशर्ट में नजर आईं। बीती रात ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हुए। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। लेकिन, ऐश्वर्या की तस्वीरों ने फैंस की चिंता बढ़ा दी। उनके हाथ में चोट लगी है। वे चोटिल हाथ के साथ फेस्टिवल में शामिल होने पहुंची हैं। फेस्टिवल के रेड कार्पेट में ऐश्वर्या जलवा दिखाती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय कान वर्ष 2003 में कान फिल्म फेस्टिवल की जूरी में भी शामिल हो चुकी हैं।








## आन्या -क्रिस ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।




## 'सिंगर की पत्नी' का टैग दिए जाने से नाराज हैं सोफी

लॉस एंजिलिस। पॉपुलर सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की जानी मानी एक्ट्रेस सोफी टर्नर पिछले कुछ वक्त से चर्चा में हैं।एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने सिंगर जो जोनस के साथ अपने तलाक के बारे में बात की है।इसके अलावा उन्होंने प्रियंका चौपड़ा, निक जोनस और जोनस फैमिली के साथ अपने रिश्तों के बारे में भी खुलकर बताया। सोफी का कहना है कि जो संग अपनी शादी के दौरान उन्हें इस बात से नफरत थी कि उन्हें और बाकी दो जोनस ब्रदर्स निक और केविन की पत्नियों को, सिर्फ पॉपुलर सिंगर की पत्नियां बुलाया जाता था। सोफी टर्नर ने कहा, 'तीनों भाइयों और उनकी पत्नियों पर काफी ध्यान दिया जाता था।




## मंदिर में शॉट्स पहने पहुंचीं अंकिता



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कैमरामैन वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अंकिता का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह काफी प्यारी लग रही हैं। हालांकि उन्होंने इस वीडियो में बताया है कि उन्हें चोट लग गई है। उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए वीरल ने कैप्शन में बताया है कि यह वीडियो एक मंदिर का है। वीडियो में अंकिता लोखंडे मंदिर के दर्शन करके आ रही होती हैं। इस दौरान पैपराजी उनकी फोटो लेते हैं वह कहती हैं उन्हें चोट लगी है। रहने दो मैं मंदिर से आई हूं। इसके बाद वह कार में बैठकर चली जाती हैं। अब अंकिता का ये वीडियो वायरल होने हो गया है। वहीं वीरल के पोस्ट पर नेटिजन्स उनकी क्लास लगा रहे हैं। उनका कहना है कि वह शॉट्स पहन कर मंदिर कैसे जा सकती हैं। इसके साथ ही कुछ लोगों को पैपराजी संग उनका विहेवियर पसंद नहीं आया।

## 'चंदू चैंपियन' का नया पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस बीच मेकर्स साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान ने एक्टर के दूसरे लुक को भी रिवील कर दिया है। पहले पोस्टर में कार्तिक मिट्टी से लथपथ दिखे थे. वो लंगोट पहने भाग रहे थे। अब दूसरे पोस्टर में एक्टर का अलग ही अवतार नजर आ रहा है। नए पोस्टर में कार्तिक बॉक्सर बने हुए हैं। फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन की कमिटमेंट और कोशिश उनके कमाल के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन में साफ देखी जा सकती है। शुरू से ही कार्तिक आर्यन और कबीर खान दोनों ने फिल्म में किरदार के लिए एक ऑथेंटिक रेसलर की फिजिक का लक्ष्य रखा था, और दूसरे पोस्टर में उस विजन को साफ देखा जा सकता है।

## जी 5 ने 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का किया प्रीमियर




**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी स्टोरीटेलर जी 5, सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूज किए गए हार्ड-हिटिंग क्राइम ड्रामा - 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का प्रीमियर कर रहा है। द केरल स्टोरी की कामयाबी के बाद डाइरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और लीड एक्टर अदा शर्मा की कोर टीम, एक और धारदार व विचारोत्तेजक नैरेटिव लेकर आई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म, छत्तीसगढ़ की नक्सली बगावत को दबाने के लिए एक अकेले पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों पर केंद्रित है। फिल्म में अदा शर्मा के साथ-साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। आज से, दर्शक अब 'बस्तर' को विशेष रूप से जी 5 पर स्ट्रीम कर सकते हैं! 'बस्तर' एक दिलचस्प दास्तान है जो नक्सली खतरे पर रोशनी डालती है। यह खतरा हजारों लोगों की जान ले चुका है और इसने पूरे इलाके में भारी तबाही मचा रखी है। सच्ची घटनाओं से प्रेरणा लेते हुए, यह फिल्म ऐसे वफादार पुलिस अधिकारी के कदमों को फॉलो करती है जो छत्तीसगढ़ में नक्सली विद्रोह से जूझने के लिए तमाम हदें पार कर जाता है। आपको अंदर तक झकझोर देने वाले भावुक पलों के साथ, 'बस्तर' इस मुद्दे की पेचीदगियों पर बेबाक नजर डालती है। गुमनाम नायकों के आतंकवाद से लड़ने तथा अधिकारियों की निजी मुश्किलों और नक्सली समुदाय के खिलाफ उनकी साहसी जंग को गहराई से जानने के लिए जी 5 पर बस्तर को अवश्य देखें। यह फिल्म अब हिंदी और तेलुगु में भी उपलब्ध है। जी 5 के चीफ बिजनेस ऑफीसर मनीष कालरा ने बताया, 'जी 5 पर, हम हमेशा ऑडियंस के साथ जुड़ने वाली कहानियां दिखाने में सबसे आगे रहते हैं।



## जैकेट के शेष

### इस बार नौतपा .....

में लू जैसी स्थिति भी निर्मित नहीं होगी। वहीं मानसून के आने से पहले ही खुशखबरी आ गई है। अनुमान लगाए जा रहे हैं कि इस बार प्रदेश में बारिश सामान्य से 6 प्रतिशत अधिक रहेगी। पिछले साल बारिश सामान्य से 6 फीसदी कम रही थी। हालांकि अधिक अंतर नहीं होने के कारण इसे सामान्य ही माना गया था। इसके अलावा प्रदेश में मानसून अपने निर्धारित तिथि से पहले दस्तक दे सकता है।

**2023 में जगदलपुर-रायपुर में एक साथ पहुंचा था मानसून** : मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा के अनुसार, इस बार केरल में मानसून के जल्द प्रवेश करने के अनुमान हैं। केरल में मानसून आने की संभावित तिथि 31 मई बताई जा रही है। यदि केरल में मानसून पहले आ जाता है तो छग में भी यह तय समय से पहले पहुंच सकता है। छग के बस्तर में मानसून आने की सामान्य तिथि 16 जून है। राजधानी में इसके बाद 19 जून तक मानसून पहुंचता है। पिछले वर्ष दोनों ही स्थानों में मानसून एक साथ 21 जून को पहुंच गया था। इसके 24 घंटे बाद 22 जून को अंबिकापुर पहुंचा था। इस बार मानसून जगदलपुर में 13-14 जून के आस-पास पहुंच सकता है। इसके 48 घंटों बाद मानसून रायपुर पहुंचेगा।

### गर्मी का बांधों पर .....

टीएमसी है, जिसमे वर्तमान में सिर्फ 33.47 प्रतिशत पानी शेष रह गया है। गर्मी के चलते बांध का पानी सूखने लगा है और बांध का जल स्तर गिरने लगा है। वहीं किसान सिंचाई के लिए गर्मी के समय भी बांध के पानी पर निर्भर रहते हैं। रबी में मांग के बावजूद गंगरेल से पानी नहीं छोड़ा गया है, लेकिन जिले के 450 तालाबों को भरने के लिए गंगरेल से पानी दिया जा रहा, क्योंकि तेजी के साथ यहां भूमि का जलस्तर नीचे गिर रहा था, जल स्तर बनाए रखने के लिए पानी छोड़ना जरूरी हो गया था।

**सिकासार के गेट बंद** : सिकासार जलाशय में जलभराव क्षमता के विरुद्ध जलाशय में उपलब्ध जल को ध्यान में रखते हुए 10 मई से सिकासार जलाशय का गेट बंद कर दिया गया। सिकासार जलाशय की जलभराव क्षमता 198.88 मि.घ.मी है। जलाशय में 53.54 मि.घ.मी. जल उपलब्ध है, जो कि जलाशय के पूर्ण जलभराव का मात्र 21.63 प्रतिशत है। आगामी खरीफ फसल के लिए गरियाबंद, धमतरी जिले के लिए 38. मि.घ.मी. एवं माह मई 2024 में निस्तार के लिए पानी आरक्षित रखा जाना है।

**बड़े बांधों में इस प्रकार है जल भराव** : प्रदेश में मिनीमाता बांगों में 45 , तांदूला में 19, दुधावा में 16, सिकासार में 21, खारंग में 44, सोंदूर में 25, मुरूमसिल्ली में 2.25, कोडार में 12 और मनियारी में 16 प्रतिशत पानी शेष है। इन बांधों में शेष पानी का निस्तारी के लिए रखा गया हैं। अब यहां से पानी नहीं दिया जा रहा है।

**मध्यम बांधों में 17 प्रतिशत पानी कम** : प्रदेश के मध्यम बांधों में जल भराव की स्थिति पिछले साल के मुकाबले काफी कम है। 2023 मई के दूसरे सप्ताह तक लगभग 50 प्रतिशत पानी था, वह इस साल घटकर 33 प्रतिशत हो गया है। भीषण गर्मी के कारण जलभराव क्षमता में 17 प्रतिशत तक कमी आई है। यह देखा गया है कि प्रदेश के कई मध्यम बांधों से गिरते जल स्तर को ठीक करने पानी दिए जाने के कारण इसमें भारी कमी देखी गई।

### रायपुर का तापमान .....

में दर्ज हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम 39.7 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री रहा, जो सामान्य है।

### कोर्ट के समन पर .....

ओका और उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने इस मामले में 30 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि यदि आरोपी समन के मुताबिक अदालत में पेश होता है, तो उसे हिरासत में लेने के लिए ईडी को कोर्ट में आवेदन करना होगा और पर्याप्त सबूत भी दिखाने होंगे।

### नक्सल मोर्चे पर शाह ने की ....

मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। श्री शाह ने कहा, अब प्रदेश के 3-4 जिलों में ही नक्सली बचे हैं और आगामी 2-3 वर्षों में देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। कांग्रेस द्वारा इसे फेक एनकाउंटर कहे जाने पर अमित शाह ने गोस्वामी तुलसीदास के एक दोहे का उदाहरण देते हुए कहा, जिसका बुरा समय आता है, भगवान सबसे पहले उसकी मति हर लेता है। कांग्रेस पार्टी के साथ यही हो रहा है।

### नक्सलवाद करेंगे समाप्त ...

बावजूद इसके हम इस लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पूरी तरह से नक्सल समेत हर तरह के आतंक को समाप्त करने के प्रति कृत संकल्पित है।

### बछड़े की मौत .....

तीनों ग्रामीणों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात रहे कि कटघोरा वन मंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 25 में बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे एक तेंदुए को मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा था। जहां तेंदुए की मौत की सूचना पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे जहां शिकारियों ने तेंदुआ का शिकार किया था और उसके महत्वपूर्ण अंगों को काटकर ले भागे थे।

### मोदी बोले-100 नहीं, 125 .....

ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले100 दिनों का ब्लूप्रिंट तैयार था लेकिन अब उसमें 25 दिन और जोड़ा जा रहा है। ताकि देशभर के युवाओं को कोंद्रित कर विकास की योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि अपने चुनाव अभियानों के दौरान फर्स्ट टाइम वोटर बने युवा पीढ़ी का उत्साह देखने के बाद उन्हें 125 दिनों के लिए ब्लूप्रिंट बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, "मैंने उनके जज्बे और उत्साह को महसूस किया है। इसलिए अब हम 125 दिन का प्लान बनाना चाह रहे हैं। 100 दिन का प्लान तैयार है। अब इसमें 25 दिन और जोड़ने जा रहे हैं।

**20 लोगों की राय बनाया एजेंडा** : अपने तीसरे कार्यकाल के प्रति आशान्वित दिख रहे पीएम मोदी ने कहा कि पहले 100 दिनों के लिए सरकार का एजेंडा तैयार करते समय उन्होंने देश भर के 20 लाख से अधिक लोगों से इनपुट मंगाया है। पीएम ने कहा, 2014 में मेरे पास पांच साल के लिए एक घोषणा पत्र था। 2019 में मैंने वैश्विक तस्वीर पर कुछ ध्यान आकर्षित किया। 2024 में, मेरी सोच थोड़ी बड़ी और दीर्घकालिक है। मैं पिछले 5 वर्षों से इस पर काम कर रहा हूं। इस पर काम करते-करते अधिकारियों की दो पीढ़ियां रिटायर हो गई होंगी और कई नए लोग आगे आए हैं।

### इस बार आधी ....

के जानकारों का भी समीकरण उलझ गया है। हालांकि दोनों दल इसे लेकर अपने-अपने पक्ष में दावे भी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के सभी चरण के मतदान में कुल 72.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 73.40 प्रतिशत पुरुष 72.23 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने वोट डाला। प्रदेश में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों के मुकाबले लगभग 1 लाख 80 हजार अधिक है। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार 75 लाख 15 हजार 102 पुरुष व 75 लाख 25 हजार 123 महिलाओं के अलावा पांच अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां पर आंकड़े देखें तो महिलाओं के वोट केवल 10 हजार अधिक हैं। चुनाव महिलाओं को निर्णायक माना जा रहा था। मतदान के बाद अब जीत-हार के आकलन का आधार भी बदलता दिख रहा है।

### 9 लोकसभा में .....

लोकसभा में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत कम रहा। कई विधानसभा क्षेत्रों में 2 से 4 प्रतिशत तक का अंतर देखा गया। महासमुंद लोकसभा में बिंद्रानवागढ़ विधानसभा को छोड़कर सभी जगहों पर महिलाओं ने कम मतदान किया। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में मस्तुरी विधानसभा को छोड़कर सभी जगहों पर महिलाएं पुरुषों से पीछे रहीं। कोरबा लोकसभा जहां पर कांग्रेस और भाजपा से महिला प्रत्याशी उतारे गए वहां पर महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरूषों से कम रहा। सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में प्रतापपुर और रामनुजगंज को छोड़ कर अन्य विधानसभा में पुरुष मतदाता महिलाओं से आगे रहे।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** — संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** — आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के ववादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

---

**नतीजों से पहले ममता बनर्जी ने खोले पत्ते**

# 'इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो बाहर से करेंगे सपोर्ट'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

लोकसभा चुनाव अभी चल रहे हैं। देश में किसकी सरकार बनेगी यह चार जून को नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा। इससे पहले विपक्षी गठबंधन ने सरकार बनाने की योजनाओं पर बयान देना शुरू कर दिया है। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वह इस सरकार में शामिल नहीं होंगी बल्कि बाहर से उनकी पार्टी समर्थन करेगी। उल्लेखनीय है कि चौथे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो उनका पूरा सपोर्ट रहेगा। अब बुधवार को एक चुनावी रैली के दौरान ममता ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को बाहर से पूरा समर्थन देगी ताकि बंगाल के लोगों को कोई परेशानी न आए।

### सपोर्ट के बदले रखीं ये शर्तें

ममता बनर्जी ने कहा, "हम इंडिया गठबंधन को नेतृत्व प्रदान करेंगे और उन्हें बाहर से हर तरह से मदद करेंगे।



हम ऐसी सरकार बनाएंगे ताकि बंगाल में हमारी मां-बहनों को कभी परेशानी न हो। जो लोग 100 दिन-रोजगार योजना में काम करते हैं, उन्हें दिक्कत ना हो और उनको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।" अपने बयान में उन्होंने टीएमसी के लिए इंडिया गठबंधन की अपनी परिभाषा साफ कर दी। ममता बनर्जी ने कहा, "आपको यह पता होना चाहिए कि इंडिया अलायंस में- बंगाल कांग्रेस और सीपीआई (एम) को मत गिनें, वे दोनों हमारे साथ नहीं हैं। वे दोनों भाजपा के साथ हैं। मैं दिल्ली के बारे में बात कर रही हूं।"

### पहले भी गठबंधन छोड़ चुकी हैं जा सकती हैं बीजेपी के साथ

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के बीच इस तरह की खटपट पहले भी सुनाई देती रही है।



अधीर रंजन चौधरी ने कहा,"मुझे उस पर भरोसा नहीं है। वह गठबंधन छोड़कर भाग गयीं. वह भाजपा की ओर भी जा सकती हैं। पहले वे कांग्रेस पार्टी को खत्म करने की बात कर रहे थे और कह रहे थे कि कांग्रेस को 40 से अधिक सीटें नहीं मिलेंगी, लेकिन अब वह कह रही हैं कि इसका मतलब है कि कांग्रेस पार्टी और गठबंधन सत्ता में आ रहे हैं।

## दावा : रूस कर रहा यूक्रेन के राष्ट्रपति का दुष्प्रचार

**वाशिंगटन**। अमेरिका खुफिया एजेंसी ने बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने उनकी वैधता पर भी सवाल उठाए हैं। मॉस्को ने युद्ध शुरू होने से पहले ही जेलेंस्की दुष्प्रचार शुरू कर दिया था। रूस और यूक्रेन के बीच कई महीनों से संघर्ष चल रहा है। लेकिन युद्ध शुरू होने से पहले ही रूस ने यूक्रेन के खिलाफ गलतबयानी करनी शुरू की थी। उत्तर पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों के बढ़ने के खिलाफ यूक्रेन सेना के संघर्ष के बाद से यूक्रेन के राष्ट्रपति का दुष्प्रचार बढ़ा है। एक अधिकारी ने कहा कि मैं वास्तव में इस दुष्प्रचार के प्रयास को इस संघर्ष में अपने देश के स्थिर और समर्पित राष्ट्रपति जेलेंस्की से जोड़ूंगा। अमेरिकी खुफिया ने यूक्रेन के पूर्वी शहर अवदीवका से वापसी का संकेत दिया। वहीं यूक्रेन ने युद्ध के कारण इस वसंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को स्थगित कर दिया। वहीं रूसी लोग चुनाव के विलंबित होने पर तर्क देते हुए कहते हैं कि यूक्रेन के जेलेंस्की की वैधता पर सवाल उठाएंगे। रूस को यूक्रेन के अवदीवका पर कब्जा करने के लिए सैनिकों को काफी नुकसान हुआ था।

---

**केजरीवाल पर दिए बयान को लेकर शाह पर भड़के सिब्बल**

## 'जानकारी न हो तो गृहमंत्री को टिप्पणी नहीं करना चाहिए'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिले अंतरिम जमानत 'स्पेशल ट्रीटमेंट' है। इसको लेकर शाह ने कहा था कि यह कोई रूटीन जजमेंट होता तो माना जा सकता था लेकिन बहुत से लोग इस बात को मानते हैं कि ये स्पेशल ट्रीटमेंट के तहत बेल मिली है। शाह के इस बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील कपिल सिब्बल भड़क गए। सिब्बल ने अमित शाह से पूछा कि जब गृह मंत्री को कानून के बारे में जानकारी न हो तो ऐसी टिप्पणी नहीं करना चाहिए। सिब्बल ने कहा, 'गृह मंत्री ने बहुत ही आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने न सिर्फ केजरीवाल पर टिप्पणी की है बल्कि सुप्रीम कोर्ट पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। अमित शाह कहते हैं कि बहुत से लोग अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत सुप्रीम कोर्ट के स्पेशल ट्रीटमेंट पर मिला है। ये गृह मंत्री की होशियारी है कि इस बात को लोगों के कंधों से कह दिया।'



इसके साथ ही कपिल सिब्बल ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और यूपी की कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को लेकर अमित शाह को खूब खरी-खोटी सुनाया। उन्होंने कहा, 'गृह मंत्री को कानून के बारे ज्यादा जानकारी नहीं है।


---

**सुप्रीम कोर्ट सख्त, दिया यह आदेश**

## मेघालय सरकार रोके रेप पीड़िताओं का 'टू फिंगर टेस्ट'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के 'टू फिंगर टेस्ट' को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मेघालय सरकार को इस पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान इस बात पर निराशा व्यक्त की कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बलात्कार के मामले में 'टू फिंगर टेस्ट' किया जा रहा है। कोर्ट ने इसे महिलाओं की निजता का हनन माना है। सुप्रीम कोर्ट ने टू फिंगर टेस्ट पर 2013 में रोक लगाई थी। हालांकि इसके बाद भी कई राज्यों में ऐसे केस सामने आए जब बलात्कार पीड़िताओं की जांच के लिए उनका टू फिंगर टेस्ट किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 2014 में एक गाइडलाइन जारी की गई। इस गाइडलाइन में साफ लिखा गया कि यह टेस्ट पूरी तरह गैरकानूनी है। 'टू फिंगर टेस्ट' में बलात्कार पीड़िताओं के प्राइवेट पार्ट में दो उंगलियां डाली जाती हैं। इस प्रकिया से डॉक्टर यह पता लगाने की कोशिश करते हैं



कि पीड़िता पहले से सेक्सुअली एक्टिव है या नहीं। इस टेस्ट के दौरान प्राइवेट पार्ट के बाहर एक पतली हाइमन की झिल्ली को जांचा जाता है, अगर हाइमन होता है तो माना जाता है कि है कि महिला सेक्सुअली एक्टिव नहीं है।

अगर हाइमन में पहले से नुकसान पाया गया तो इससे महिला के सेक्सुअली एक्टिव होने की बात मानी जाता है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि इस टेस्ट की हमेशा से निंदा की गई है। इस टेस्टिंग का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, क्योंकि विज्ञान इस तरह के टेस्ट को फ़ालतू मानती है।

---

## पेज एक के शेष

### धर्म पर आधारित...

पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी को हम छेड़ेंगे नहीं लेकिन किसी ने हमको छेड़ा तो हम छोड़ेंगे नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक की, एयर स्ट्राइक की, आतंकवाद का खात्मा किया। दुनिया देख रही है कि आतंकवाद, नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है। जनता के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। गरीब कल्याण के काम हुए हैं। 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, पीएम मोदी के रहते कोविड को दो वैक्सीन बनी और 200 करोड़ से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हुआ। चारों ओर पोर्ट, एयरपोर्ट, हाईवे बने हैं। संपूर्ण देश आत्मविश्वास के साथ खड़ा है, मोदी है तो मुमकिन है।

***▶▶| प्रश्नः आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल का आरोप है कि देश 'वन नेशन, वन लीडर' की ओर जा रहा है?***

▶▶| **उत्तर**ः लीडर तो एक ही होता है। पीएम नरेंद्र मोदी हमारे लीडर हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और देश की जनता भी श्रद्धा और भक्ति के भाव से देखती है। पीएम मोदी की लोकप्रियता का अरविंद केजरीवाल जमीन पर मुकाबला नहीं कर पाते हैं। इसलिए, बेबुनियाद मुद्दे उठाते हैं। केजरीवाल जेल में जाकर कुंठित हो गए हैं। पराजय से बौखला गए हैं। ईमानदारी का चोला पहनकर राजनीति में आए थे लेकिन आप पाटी सबसे करप्ट पार्टी बन गई। अन्ना हजारे के आंदोलन से उत्पन्न पार्टी ऐसी भ्रष्ट निकलेगी किसी ने ऐसी कल्पना नहीं की थी। अब लोग उनके शराब घोटाले को याद करते हैं।

***▶▶| प्रश्नः इंडिया गठबंधन को किस चुनौती की तरह देखते हैं?***

▶▶| **उत्तर**ः कोई चुनौती नहीं। पीएम मोदी के प्रति जनता में भरोसा है। उनके नेतृत्व में जो काम हुए हैं, उसके कारण पूरा देश मोदी जी के पीछे खड़ा हुआ है। इंडी गठबंधन में वे तमाम नेता हैं जो जनता से ठुकराए हैं, जिनकी अपने क्षेत्र में पकड़ खत्म हो रही है। इंडी गठबंधन की न एक नीति, न एक नीयत, न एक नेता, न दिशा, न दृष्टि। इनका गठबंधन हास्यास्पद है। यह स्वार्थों पर आधारित उन आकंठ भ्रष्टाचारी लोगों का गठबंधन है जो मोदी के न खाऊंगा न खाने दूंगा की नीति से घबराए हुए हैं। अपने बचाव के लिए आपस में इकट्ठे हुए हैं।

***▶▶| प्रश्नः कांग्रेस अपनी गारंटियों को लेकर चुनाव मैदान में हैं, कितना असर होगा?***

▶▶| **उत्तर**ः सब कुछ हास्यास्पद है। मध्य प्रदेश के 2018 के चुनाव में कांग्रेस कहती थी, 4 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दे देंगे, 10 की गिनती तक किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। सत्ता में आई तो कांग्रेस ने 950 वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किया। कहने में क्या जाता है। जुबान तो हिलानी है। पहले कहा, नहीं दिया। उन्हें (कांग्रेस) पता है कि उनका अस्तित्व खतरे में हैं, कांग्रेस अब रीजनल पार्टी बन गई है। न जीतना है, न देना है।

***▶▶| प्रश्नः पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र पर देशभर में इतनी चर्चा क्यों करते हैं?***

▶▶| **उत्तर**ः राजनीति में विरोधी की बातों का जवाब देना होता है। हमें ये तो बताना ही होगा कि ये झूठे वादे करते हैं। सामने वाले दल की असलियत जनता के सामने लाना यह हमारा कर्तव्य है इसलिए बताते हैं।

***▶▶| प्रश्नः भाजपा विकास के मुद्दों के बजाए हिंदू-मुसलमान पर इतनी चर्चा क्यों कर रही है?***

▶▶| **उत्तर**ः भाजपा ने कभी भी हिंदू-मुसलमान पर चर्चा नहीं की। भाजपा किसी धर्म के खिलाफ नहीं है पीएम मोदी ने भी स्पष्ट रूप से ये कहा है। भारत में धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं है। लेकिन, विपक्षी दलों ने दाएं-बाएं घुमाकर इसे देना प्रारंभ किया है। भाजपा ने हमेशा न्याय की राजनीति की है, तुष्टिकरण की नहीं। भाजपा के लिए सब एक हैं। गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं है।

***▶▶| प्रश्नः विपक्ष का आरोप है कि भाजपा संविधान बदल देगी। इसमें कितनी सच्चाई है?***

▶▶| **उत्तर**ः कांग्रेस के माथे पर संविधान बदलने और इमरजेंसी लगाने का पाप है। शहबानो प्रकरण में कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदल दिया। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाई हैं। पीएम मोदी ने गुजरात के सीएम रहते हुए अपने सिर पर संविधान की प्रति रखते हुए संविधान दिवस के कार्यक्रम किए थे। पीएम मोदी ने संविधान दिवस मनाना प्रारंभ किया। संविधान का जितना आदर भाजपा करती है, कांग्रेस ने कभी नहीं किया। भाजपा के हाथों में ही देश का संविधान सुरक्षित है।

***▶▶| प्रश्नः जब 272 सीटों से सरकार बन सकती है तो 400 सीटें क्यों चाहिए?***

▶▶| **उत्तर**ः भारत दुनिया का नेतृत्व करने की स्थिति में आ रहा है। कई मुद्दों पर हम नेतृत्व कर भी रहे हैं। इसलिए, इतना व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इसलिए अबकी बार, 400 पार का लक्ष्य है। 400 पार इसलिए की भारत को विश्व गुरु बनाना है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। आतंकवाद, नक्सलवाद का पूरी तरह से खात्मा करना है। जनता के जीवन स्तर को और बेहतर बनाना है। हम नहीं कह रहे जमाना कह रहा है, अबकी बार 400 पार।

***▶▶| प्रश्नः कांग्रेस कह रही है देश अब राहुल गांधी के साथ है? इस बात में कितनी बड़ी चुनौती दिख रही है?***

▶▶| **उत्तर**ः राहुल गांधी अपनी पहली यात्रा में विधानसभा के चुनाव से पहले जब मध्य प्रदेश में जहां-जहां से गुजरे, वहां की सारी सीटें कांग्रेस हार गई। भाजपा ने सारी सीटें जीत लीं। अगर उनका असर होता तो कांग्रेस जीत दर्ज करती। राहुल गांधी को देश की समझ नहीं है। देश की माटी की पहचान नहीं है। वो देश की जड़ों से जुड़े नहीं हैं। कभी उनके गुरु सैम पित्रोदा विरासत टैक्स की बात करते हैं, कभी वो रंगभेद की बात कर देश को बांटने की बात करते हैं। कभी जाति गणना के नाम पर देश की जातियों को बांटने का काम करते हैं। राहुल की सोच, विचार अभारतीय हैं। जितनी बातें आज कांग्रेस कर रही है उसका भारतीय माटी और जड़ों से क्या लेना? भारत वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है। कांग्रेस समाप्ति की ओर है, कभी चुनौती नहीं बन सकती। देश कांग्रेस को स्वीकार नहीं कर रहा। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में देश आनंदित था लेकिन कांग्रेस ने उसका विरोध किया। अब ऐसी कांग्रेस का सफाया होना ही तय है।

***▶▶| प्रश्नः जाति गणना को देश के लिए क्या विभाजनकारी मानते हैं?***

▶▶| **उत्तर**ः समाज के हर वर्ग को न्याय देना भाजपा की नीति है। भाजपा ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है। आर्थिक आधार पर भी आरक्षण दिया है। भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किए हैं। सागर में संत रविदास का 100 करोड़ की लागत से भव्य मंदिर बनना, बाबा साहेब आंबेडकर के पंच तीर्थ का निर्माण, जनजातीय गौरव दिवस मनाना इस तरह के अनेकों कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में हुए हैं। हर वर्ग को न्याय देना भाजपा का धर्म है।

***▶▶| प्रश्नः मध्यप्रदेश में इस बार भाजपा का प्रदर्शन कैसा रहेगा?***

▶▶| **उत्तर**ः मध्यप्रदेश में इस बार भाजपा 29 में से 29 सीटों पर जीत रही है। एकजुट होकर भाजपा ने चुनाव लड़ा है। हमारे सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूरी टीम तथा एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं भी पूरे मध्यप्रदेश में प्रचार के लिए गया हूं। हम सभी सीटें एक तरफा जीतेंगे और भारी अंतर से जीतेंगे।

***▶▶| प्रश्नः बड़ी संख्या में कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करने के पीछे क्या कारण हैं?***

▶▶| **उत्तर**ः इस समय भाजपा देश के निर्माण का आंदोलन है। जनता के कल्याण का आंदोलन है। जो हमारे विचार से प्रभावित होकर देश की सेवा के लिए, जनता की सेवा के लिए आना चाहता है, उसका स्वागत है। लोगों को लगता है कि कांग्रेस में रहकर न देश की सेवा हो सकती है न जनता की सेवा हो सकती है। जिस तरह से कांग्रेस के वक्तव्य आ रहे हैं उसको देखकर कांग्रेसी भी निराश हैं।

***▶▶| प्रश्नः 2004 और 2024 के चुनाव में आपने क्या बदलाव महसूस किया?***

▶▶| **उत्तर**ः 2003-04 तक मध्य प्रदेश बदहाल था। अब विकसित मध्यप्रदेश खड़ा है। सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। माता-बहनों, बेटियों, नौजवानों, किसानों, गरीबों के कल्याण के कई काम हुए हैं। जनता स्नेह और प्रेम से भरी हुई है। मुझे पहले भी प्यार मिला था, अब भी प्यार मिल रहा है। मैंने सभी चुनाव प्यार की लहर से लड़े हैं। जहां गया जनता ने आशीर्वाद की वर्षा की। जनता के स्नेह, प्रेम और आत्मीयता की अलग ही दुनिया है।

### पत्रकार की हत्या, खून...

जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मृतक अपनी तीन साल की बेटी और पत्नी के साथ किराए के मकान में रहता था। घटना की सूचना मिलने के बाद मनेन्द्रगढ़ पुलिस और अंबिकापुर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। आशंका है कि घर में ही युवक की हत्या कर शव को फेंका गया है। चनवारीडांड़ डिपो के पीछे मौहारीपारा में युवक का शव लोगों ने देखा, इसके बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मनेन्द्रगढ़ टीआई अमित कश्यप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की शिनाख्त रईस अहमद उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। शव औंधे मूंह पड़ा था। युवक पेशे से एक टीवी चैनल में पत्रकार थे। एमसीबी जिले के एसपी चंद्रमोहन सिंह ने भी बाद में मौके का मुआयना किया।

### ट्रांसपोर्ट विवाद में हुई...

प्रयुक्त पिस्टल, गंडासा, दोपहिया वाहन, आरोपियों के मोबाइल आदि जब्त किए गए हैं। नारायणपुर, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस मामले को सुलझाया है। प्रकरण में यह बात निकलकर सामने आई है कि हत्या की साजिश भिलाई में रची गई थी। पता चला है कि मृतक विक्रम और मुख्य आरोपी मनीष राठौर ट्रांसपोर्टर हैं और दोनों के मध्य प्रतिस्पर्धा के हालात थे, जिस वजह से बाहर से शूटर बुलवाकर विक्रम को मारा गया। 13 मई की रात नारायणपुर के बखरूपारा में रहने वाले विक्रम बैस की धारदार हथियार व गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देते हुए नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया के मार्गदर्शन में निरीक्षक थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा, उप निरीक्षक धीरेंद्र तिवारी, सहायक उप निरीक्षक रूमंत देवांगन प्रभारी सायबर सेल के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। मामले में बारीकी से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज व सायबर एनालिसिस के आधार पर मनीष राठौर निवासी नारायणपुर के नाम सामने आए। **नक्सली के नाम पर धमकी भी** : पूछताछ के दौरान जिले में पत्रकारों को धमकी देने के मामले का भी खुलासा हुआ है। मनीष राठौर द्वारा धमकी भरे पत्र लिखने और विश्वजीत नाग द्वारा उसे पोस्ट किए जाने की बात सामने आई है। जिले में परिवहन संघ अध्यक्ष किशोर आर्या को धमकी भरा पत्र व नक्सलियों के नाम पर धमकी भरे बैनर व पत्र भेजकर लोगों को आतंकित करने का काम भी इसी गैंग द्वारा किया जा रहा था।

### यह हैं...

सड़क नं. 09 ब्लॉक नं. 01 रूम नं. 06 हास्पिटल सेक्टर 09 थाना कोतवाली सेक्टर 06, दुर्ग

5.जसप्रीत सिंह उर्फ पोतू पिता स्व. सरदारा सिंह (20), निवासी- खालसा बिला, बंगलापारा नारायणपुर


6.विवेक अधिकारी उर्फ सिद्दाम पिता हरविलास (28), निवासी- बखरूपारा नारायणपुर

### भिलाई के कॉफी ...

रायनुन्तलम के साथ मीटिंग की गई थी। हत्या में उपयोग की गई पिस्टल सिवान बिहार से लाई गई थी। घटना को अंजाम देने के पहले दो दिनों तक आरोपियों ने मृतक की रेकी की थी। घटना के दिन विक्रम बैस को अकेला पाकर आरोपी संजू यादव और विश्वजीत नाग ने गंडासा से वार कर और पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना में प्रयुक्त पिस्टल को मनीष राठौर के गोदाम में छुपा दिया गया था। दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर की एसीसीयू टीम तथा सायबर टीम की सहायता से आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। इसी आधार पर अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया गया और आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा गया है।

---

### शब्द पहेली - 5513



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5512 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |

### सूडोकु नवताल - 5524

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5523 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

यूटिलाइजेशन
शीला श्रीवास्तव

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

# समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

## सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

## घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी



ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।



## घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

## सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

## हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम



पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

## भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ



मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हरी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *

एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

# ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।



बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

### टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।

## जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-103 का उत्तर :** 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

**जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

## हंसगुल्ले

**गप्पू :** कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** अरे! फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।
**-आर्यन, रायपुर**




**टीचर :** 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
**पिंकी :** अब लाइट जाएगी।
**-माही, भोपाल**

सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
**मोनू :** कौन है?
**सोनू :** मैं हूं।
**मोनू :** मैं कौन?
**सोनू :** अरे, तू मोनू है...और कौन?
**-चिराग, दिल्ली**

कहानी
सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।

# खत्म हुई मम्मी की परेशानी



सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन



# दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
हवा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।

सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार

1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले
पहन देखने जाओ मेले



4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कागज-पेन, 2. बेल्ट, 3. जूते, 4. शतरंज की मोहरें

## रंग भरो-150

रंग भरो-150 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






दिव्यांश, दुर्ग



भावन्या, भिलाई



कल्पित, रोहतक



पलक, अटेली मंडी



युक्ति, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, यशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

## रंग भरो 151

बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 10

# 1 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली समेत दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना से एरिया डोमिनेशन के लिए निकली डीएफ व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ने दो नक्सलियों को दुलेड़ के जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा। धरे गए नक्सलियों में एक पर एक लाख का इनाम घोषित था। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में जिला बल सुकमा व सेंकड बटालियन सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही है। सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण, सीआरपीएफ सेंकड बटालियन कमाण्डेंट रति कांत बेहेरा के निर्देश व टूआईसी अनामी शरण, एएसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा व सहायक कमाण्डेंट पीरदान के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

## इन घटनाओं में थे शामिल

पूछताछ में दोनों ने नक्सल संगठन में कार्य करने बताया जिसके बाद उन्हें थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर दोनों नक्सलियों के खिलाफ थाना चिंतागुफा क्षेत्र में 1 सितम्बर 2023 को मिनपा जाने वाले मार्ग में एक ग्रामीण का अपहरण कर हत्या करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहना पाया गया। इस मामले में उनके खिलाफ धारा 147, 148, 149, 302 भादवि. 25 आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# जंगली सूअर के हमले में तेन्दूपत्ता संग्राहक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला-औंधी

मोहला-मानपुर अंबागढ़ जिले के औंधी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह तेन्दूपत्ता तोड़ रहे एक संग्राहक पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। चार दिन के भीतर मोहला-मानपुर क्षेत्र में जंगली सूअर के हमले की यह दूसरी घटना है। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष में है।

मिली जानकारी के मुताबिक औंधी क्षेत्र के हालेपायली के रहने वाले रामसिंग गावड़े तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए रोज की तरह सुबह घर से निकला हुआ था। जंगल में पत्ता तोड़ाई के दौरान लगभग 9 बजे के आसपास एक जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बीते चार दिनों के भीतर जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान किसी संग्राहक की मौत और घायल होने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी जिले में जंगली सूअर के हमले से हेरकुटुम निवासी शिवचरण कुंजाम गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसका ईलाज मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में जारी है। मोहला से सटे ग्राम हेरकुटुम निवासी शिवचरण कुंजाम (60 वर्ष) सुबह गांव से लगे जंगल में लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था, तभी अचानक एक जंगली सूअर ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। जंगली सूअर के हमले से ग्रामीण को पेट व सीने में काफी चोंटें आई। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण एवं परिजन तत्काल एम्बुलेंस की मदद से शिवचरण कुंजाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला पहुंचाया।



### दहशत में औंधी क्षेत्र के ग्रामीण

इस वक्त तेंदूपता से लेकर बरसात से पहले क्षेत्र के वनवासी ग्रामीण जलाऊ लकड़ी के लिए जंगल में आना-जाना कर रहे हैं। इसी बीच जंगली सूअर के हमले से मौत और दूसरे की गंभीर रूप में पहुंच जाने के बाद मोहला-मानपुर क्षेत्र के वनवासी ग्रामीण दहशत में हैं।

## जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सीएचसी में 15 मई को दोपहर सवा 1 बजें ईलाज के दौरान नया गोण्डाहूर निवासी 26 वर्षीय गन्नू कड़ियाम पिता मुकेश का मौत हो गया। नया गोण्डाहूर निवासी 32 वर्षीय दानू कड़ियाम पिता मुकेश ने पुलिस को बताया कि मृतक धान कुटाने के लिए गया था, वहाँ से वापस घर आने के बाद जहर खा लिया और तालाब की ओर चला गया था। मुंह से झाग निकालने पर ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# किसान की बाड़ी के कुएं में गिरा तेंदुआ का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



वन मंडल कांकेर के अंतर्गत सरोना परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सारवंडी में बीती रात यानी 16 मई रात सारवंडी में किसान की बाड़ी में स्थित कुएं में तेंदुआ गिर गया। ग्रामीणों की खबर पर वन विभाग की टीम पहुँची और लगभग 4 घंटे रेस्क्यू आपरेशन चलाकर तेंदुआ को सकुशल निकाला गया। घटना सारवंडी निवासी किसान राकेश कोर्राम की बाड़ी में स्थित कुएं में गुरूवार 16 मई की रात तेंदुआ गिर गया। किसान सुबह बाड़ी की ओर गया तो तेंदुआ की आवाज सुनाई दिया, कुआ में झांकने पर तेंदुआ पानी में निकलने के लिए उछल कूद मचा रहा था। किसान ने पास में रहने वाले ग्रामीणों को जानकारी दिया। तेंदुआ के कुआ में गिरने की खबर वन विभाग के साथ पूरे गाँव में हल्ला मच गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और तेंदुआ को देखने के लिए जुटी भीड़ को हटाया गया। वन विभाग की टीम ने बांस की चैली बनाया और कुआ में डाला। चैली को कुछ देर देखने के बाद तेंदुआ चैली में बैठ गया। चैली की रस्सी को पेड़ से बाँधकर रखा गया और उसके बाद बाँस की सीढ़ी कुआ में डाला गया। तेंदुआ सीढ़ी से चढ़कर तेंदुआ ऊपर आया और जंगल की ओर भाग गया।

# गंगरेल डुबान पहुंचा सिंगल दंतैल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

गंगरेल डुबान में एक दंतैल के विचरण से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हाथी के लोकेशन की जानकारी लेने धमतरी तथा केरेगांव वन विभाग का स्टाफ डुबान क्षेत्र में मौजूद है। हाथी की मौजूदगी से आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

■ दर्जनभर गांवों में अलर्ट घोषित किया गया

हाथी निगरानी दल के मंशाराम, अनीता सोनवानी ने बताया कि सिंगल दंतैल हाथी गरियाबंद जिले से सिंगपुर होते हुए कुकरेल परिक्षेत्र के जंगल में विचरण कर रहा था। गुरुवार की शाम 4.30 बजे मारदापोटी को पार कर उरपुटी के जंगल में पहुंच गया है। मारदापोटी, बनरौद, बांसपारा, माकरदोना, गेदरापारा, उरपुटी, पंडरीपानी, कांदरी में मुनादी कर लोगों को सावधान किया गया है। हाथी मौजूद वाले क्षेत्र में लोगों को जंगल नहीं जाने, हाथी दिखने पर वन विभाग को सूचना देने तथा एक दूसरे को सचेत करने की मुनादी की जा रही है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### डाटा ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** सी एंड एफ में काम करने लिए कंप्यूटर ऑपरेटर (Male) की जिसे SAP Working & MS Office MS Excel में काम करने का अनुभव हो Working 10 AM to 8 PM Address: **गोंदवारा (भनपुरी) रायपुर** grpl@rediff.com (RO-982)

**Requirement-** 3 post- Computer Operator, Having thorough Knowledge with 10-15 year Experience of SAP Operation, 4 Post- Godown Incharge 8 year Experience & 5 Post- Driver for TATA-s and DI ( local & out side transport). Interested Candidate May Contact with Resume. Only Experience Candidates are Contact Mob.- **8700749996.** (RO-440)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. **मोबाइल 7067048454.** (RO-979)

**आवश्यकता है-** होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास पैकिंग एवम अन्य कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- रायपुर 9827918086, 9685688086.** (RO-2747)

### मैकेनिक/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** LPG गैस में ऑफिस फील्ड कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों के लिए नॉन मेट्रिक/ ग्रेजुएशन पद सर्वेयर, मैकेनिक, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, रिसेप्शनिस्ट आय 15000/- से 31000/- **मिले वालेन्टीयर लाइन फाफाडीह रायपुर मोबाइल 8292102370, 7488902370.** (RO-980)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### अन्य

**आवश्यकता है-** Om public school इंग्लिश मीडियम अनुभवी शिक्षक पहली से पांचवी- गणित, इंग्लिश, हिंदी, मीडियम अनुभवी शिक्षक विषय- हिंदी, इंग्लिश, गणित, बायो, रसायन, भौतिकी, लेखाशास्त्र, अर्थशास्त्र संस्कृत, सामाजिक विज्ञान **ओंम नेशनल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सरोरा रायपुर (छ.ग.) मोबाइल- 9827879928, 8770879781.** (RO-A)

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित शिक्षिकाओं की आवश्यकता है संपर्क शिशु प्राथमिक /पूर्व माध्यमिक विद्या मंदिर मठपुरेना। **पोस्ट ऑफिस के पास मठपुरेना रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 9424215141, 9993301387.** (RO-983)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490.** (RO-981)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय की लाइन में कार्य किया हुआ अनुभवी सेल्समैन व कंप्यूटर ऑपरेटर तथा दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1641)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग कार्य करने हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 5वीं से स्नातक। वेतन 4000+कमीशन। **संपर्क:- मो.- 9131259311, 9685734144.** (Ro-471)

### टीम लीडर/सेल्समैन

ELECTRIK PIAGGIO
आवश्यकता
अग्रणी इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर कंपनी आपे को आवश्यकता है।
टीम लीडर - 2 पद
सेल्समैन - 5 पद
सर्विस एडवाईज़र - 2 पद
इच्छुक उम्मीदवार पूर्ण विवरण सहित संपर्क करें।
वर्धमान पियाजियो
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर
9826701999, 9826721310
MAHESHWARI

### ऑपरेटर/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** इंडसट्रियल मोटर /जनरेटर वर्कशॉप के ऑफिस हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ में मार्केटिंग कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। फ्रेशर भी बायोडाटा सहित मिले **टाटीबंध रायपुर. 7694954356, 7898900131.** (RO-500)

### ऑपरेटर/गार्ड

**आवश्यकता है-** एसपी मार्ट सुपर बाजार के नए शोरूम हेतु 10वीं-12वी पास, बिलिंग ऑपरेटर- 2 (मेल) सेक्युरिटी गार्ड- 3पद (मेल/फीमेल) की आवश्यकता है. फ्रेश/अनुभवी **संपर्क करे- मेनरोड, इंडियन पब्लिक स्कूल के पास, छत्तीसगढ़नगर , टिकरापारा, रायपुर 9752620200 , 7898046666.** (RO-307)

### अकाउंटेन्ट/ऑफिस वर्क

**आवश्यकता है-** 02पद जूनियर अकाउंटेंट एम. कॉम / बी. कॉम टैलीप्राइम / एम.एस.ऑफिस, 03पद ऑफिसवर्क - बी.कॉम / ग्रेजुएट / 12th, 01पद ड्राईवर / हमाल सीमेंट गाड़ी टाटा DI के लिए. 01पद सुपरवाइजर कम ड्राइवर, वेतन योग्यतानुसार। **राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली, 23/5/ 2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.** (Ro-475)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान:- तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042814.** (RO-2743)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर में एसी साड़ी शोरूम के लिए सेल्समेन,सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता, डियूटी टाइम 10:30 - 9:30 **शीघ्र सम्पर्क करें विरदीचंद मानकलाल जैन कंकालीपारा 9340477419, 9425216364** (RO-2740)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शॉप में काम करने हेतु अनुभवी मैनेजर सेल्समैन एवं सेल्स गर्ल की आवश्यकता है, **7389756342 पर बायोडाटा पोस्ट करें गर्ल्स एंड बॉयज जंक्शन कोंडागांव** (RO-4415)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** एक्वेरियम शॉप में साफ सफाई का काम करने के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है आकर्षक वेतन। **संपर्क:- यूनिक एक्वेरियम शॉप न. B/32 सुपेला रेल्वे फाटक के पास दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई मो.- 90988-81595, 89828-69131.** (Ro-473)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन एवं दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार स्वयं आकर ही संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261- 13735. (समय 11:00 से 8:00 बजे)(RO-4416)

### टेलर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी स्थित मेंसवियर शो-रूम में काम करने हेतु 1- टेलर मास्टर ट्रायल कराने हेतु, 3 सेल्समैन एवं 4 हेल्पर की आवश्यकता है **संपर्क:- 9039709007.** (RO-7354)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। **वेतन योग्यतानुसार कॉल/ मैसेज:- 7999847673 समय 11 से 5 तक।** (Ro-472)

### सिविल इंजीनियर

**WANTED-** ए.सी.सी. सीमेंट (थर्ड पार्टी पेरोल) में काम करने के लिए 02पद - सिविल इंजीनियर डिप्लोमा / बी.टेक, 02पद सेल्स मार्केटिंग - एम.बी.ए / ग्रेजुएट, वेतन योग्यतानुसार, **संपर्ककरे : राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली दिनांक 23/05/2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे - 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.** (Ro-474)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** मेटल पार्क उरला में कार्य करने हेतु 22 से 30 वर्षीय स्मार्ट लोडिंग सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेतन 18 से 20 हजार, पूर्ण बायोडाटा सहित **संपर्क करे: क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल आफिस, फाफाडीह चौक, रायपुर।** (RO-441)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** गार्ड+ ई-रिक्शा ड्राइवर चाहिए। 24 घंटे, रहने खाने की सुविधा। **संपर्क करें- 9425206595.** (RO-7353)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** प्रिंटिंग प्रेस हेतु अनुभवी हेल्पर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, बायोडाटा सहित **संपर्क करे:- अंकित प्रकाशन, तिरुपति भवन के बाजू, भाटागांव चौक, रायपुर, 9827116606, 9753672550.** (RO-306)

### मिस्त्री/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** वर्मा डेयरी एवं स्वीट्स की दुकान में मिठाई काउंटर पर सेल्समैन एंव मिठाई मिस्त्री की आवश्यकता है योग्यता 12वीं पास वेतन योग्यतानुसार इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करें भिलाई मो. नं.- 98271-78213.** (Ro-476)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10-12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ रहना+ खाना+ ट्रैवल+ ट्रेनिंग फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 **सम्पर्क करें- 8871422576, 7224999156.** (RO-34137)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 8420183092, 9883460031.** (RO-183)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500-81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर संपर्क:- **09205883119.** (Ro-2723)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Name, Address , Qualification Call/ SMS/ WhatsApp/ **करें - 07903284986.** (RO-199)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO -6334)




## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (Ro-2741)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट/प्लाट

**बेचना है-** गोकुल टॉवर गोगांव रायपुर में फर्स्ट फ्लोर में 2BHK 660 वर्गफुट का सर्वसुविधा युक्त फ्लैट नम्बर-103, अतिशीघ्र बेचना है केवल **खरीददार ही सम्पर्क करें 8319655436.** (RO-34152)

**बेचना है-** रायपुर-धमतरी रोड के नजदीक में शदाणी दरबार के पास, शंकराचार्य मंदिर के पीछे, बोरियाकला, लखवानी कटिंग में, डायवर्टेड 1500 वर्गफीट प्लाट बेचना है **संपर्क करें- गोयल रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट 7898748446.** (RO-34141)

### मकान

**मकान बेचना है-** महासमुंद में डबल स्टोरी मकान 2000 फीट एकता चौक के पास दुकान सहित 95 लाख में, एवं 2000 फीट कलेक्टरेट रोड के पास 85 लाख में बेचना है । **9907826124, 7974486019.** (RO-07)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9991177208, 9991177208.** (RO-2745)

**फाइनेंस-** मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, **संपर्क करे:- 09599838780.** (RO-2736)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।




छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**फाइनेंस -** लोन ! लोन! लोन धानी फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजनाअंतर्गत , आधारकार्ड, पर्सनल, प्रोपटी, बिजनेस, सभी लोन , 1- 90 लाख तक , 2% व्याज, 40 % छूट , महिलाना के लिए **विशेष सूट :- 9522105561.** (RO-1319)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

### गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
9098889899

### ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद

- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पत्ति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

### छोटा लिंग निराश क्यों?

जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# देश की पहली मिडगेट सबमरीन एरोवाना बनकर तैयार: कम कमांडो के साथ समुद्र के भीतर खुफिया मिशन को अंजाम देने में है सक्षम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडगेट पनडुब्बी बनकर तैयार हो चुकी है। इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। इसको एरोवाना नाम दिया गया है। एमडीएल ने केवल इसे बनाया ही नहीं है बल्कि पूरी डिजाइनिंग भी की है।

सबमरीन को प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट के तौर पर बनाया गया है। ताकि दुनिया को इस बात का पता लग सके कि भारत किसी से भी कम नहीं हैं और ऐसी सबमरीन को वो खुद भी बना सकता है। इस सबमरीन का फायदा केवल जांच-पड़ताल में ही नहीं किया जाएगा बल्कि समुद्र के अंदर सीक्रेट ऑपरेशन के लिए भी किया जाएगा। इसके जरिए कम कमांडो के साथ किसी भी तरह का सैन्य अभियान या सीक्रेट मिशन आसानी से किया जा सकता है।

## एरोवाना की खासियत

1. वजन मात्र 150 टन
2. इसकी लंबाई 12 मीटर
3. 9 ही लोगों के बैठने की क्षमता
4. टॉरपीडो जैसे कई हथियारों से सुसज्जित
5. समुद्र के अंदर सीक्रेट ऑपरेशन चलाने में सक्षम
6. कम कमांडो के साथ पूरा करेगी मिशन



### दुश्मन को चकमा देने में सक्षम

एरोवाना गहरे और छिछले पानी दोनों में गोता लगा सकती है। यह नेटवर्किंग के जरिए नेवी के साथ मिलकर आसानी से दुश्मन को चकमा दे सकती है। इतना ही नहीं, इससे बड़े मिशन को भी अंजाम दिया जा सकता है। जानकारी के अनुसार इसकी लंबाई 12 मीटर है और इसकी स्पीड 2 नॉट है। इसमें फिलहाल अभी स्पीड की ही कमी है। बैटरी लिथियम और आयरन से बनी हुई है।

### मिडगेट सबमरीन एक छोटी पनडुब्बी

मिडगेट सबमरीन को आमतौर पर छोटी पनडुब्बी कह सकते हैं। इसका वजन 150 टन के अंदर ही है। इस सबमरीन में लोगों की बैठने की क्षमता भी काफी कम है। इसमें एक बार में ज्यादा से ज्यादा 9 ही लोग बैठ सकते हैं। अगर मिलिट्री मिशन को अंजाम देने के लिए कहा जाए तो छह या उससे ज्यादा लोक बैठकर अंजाम दे सकते हैं। इसके अंदर ज्यादा लंबे समय तक नहीं बैठा जा सकता है। यह एक छोटी पनडुब्बी है। इसमें सिर्फ इतना इंतजाम होता है कि कमांडो बैठकर जाए और मिशन को अंजाम देकर वापस आ जाए।

### सबमरीन में हथियारों के खास इंतजाम

मिडगेट सबमरीन में हथियारों के लिए खास इंतजाम होते हैं। इनमें टॉरपीडो जैसे कई हथियार होते हैं। इसके अलावा कई बार इसमें गोताखोरों के लिए स्वीमर डिलिवरी व्हिकल भी होते हैं। मिडगेट सबमरीन का इस्तेमाल केवल सैन्य अभियान के लिए ही नहीं होता है। बल्कि इसको व्यापारिक तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके जरिए साइंटिफिक रिसर्च भी की जा रही है। अब तो इनका इस्तेमाल समुद्र के अंदर पर्यटन के लिए भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मालीवाल के साथ खड़े हैं हम : प्रियंका

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट का मामला इस लोकसभा चुनाव 2024 के समर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि ये उनकी पार्टी का मामला है और इस बारे में उन्ही लोगों को निर्णय लेना है। उन्होंने कहा, "इसमें दो बाते हैं। पहला, अगर महिलाओं के साथ कुछ गलत होता है तो हम उनके साथ खड़े हैं। मैं हमेशा महिलाओं के साथ ही खड़ी रहती हूं चाहे वो किसी भी पार्टी की हों. दूसरा आप आपस में चर्चा करेगी।



### केंद्र सरकार ने एनआईए के पूर्व प्रमुख को दी जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एनआईए के पूर्व प्रमुख दिनकर गुप्ता को जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला किया है। ये सुरक्षा सीआरपीएफ देगी और पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली में दिनकर गुप्ता के लिए जेड प्लस सुरक्षा लागू रहेगी। 1987 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी दिनकर गुप्ता जून 2022 से लेकर 31 मार्च 2024 तक एनआईए प्रमुख के पद पर रहे। दिनकर गुप्ता पंजाब के पुलिस महानिदेशक (खुफिया) पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, खालिस्तानी आतंकी समूहों से बढ़ते खतरे को देखते हुए सरकार ने दिनकर गुप्ता का सुरक्षा कवर बढ़ाने का फैसला किया है।

## कांग्रेस और पंडित नेहरू पर जयशंकर ने किया कटाक्ष

# किसी गलती की वजह से पीओके हमसे दूर हो गया, बाकी वो हमारा ही हिस्सा

*पीओके को फिर से हासिल करने के संसदीय प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए, जयशंकर ने क्षेत्र में चीन की भागीदारी के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डाला और कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही उसका पड़ोसी देश पीओके पर अपनी संप्रभुता का दावा कर सकता है क्योंकि इस क्षेत्र पर भारत का दावा 'वैधानिक' है।*

एजेंसी ▶▶ नासिक

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी की कमजोरी या गलती के कारण भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) पर अपनी पकड़ खो दी है।

जयशंकर ने महाराष्ट्र के नासिक में गुरुवार को आयोजित 'विश्वबंधु भारत' नामक एक कार्यक्रम में ये टिप्पणी की है। इस मौके पर उनसे पूछा गया कि अगर भारत लक्ष्मण रेखा पार कर लेता है और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत संघ में मिला लेता है तो चीन का क्या रिएक्शन होगा? क्योंकि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है। इस पर विदेश मंत्री ने कहा, मैं नहीं मानता कि 'लक्ष्मण रेखा' जैसी कोई चीज है। मुझे लगता है कि पीओके भारत का हिस्सा है। यह किसी की कमजोरी या गलती के कारण अस्थाई रूप से हमसे दूर हो गया है।

पीओके को फिर से हासिल करने के संसदीय प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए, बीजिंग के पूर्व राजदूत एवं विदेश मंत्री जयशंकर ने क्षेत्र में चीन की भागीदारी के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डाला और कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही उसका पड़ोसी देश पीओके पर अपनी संप्रभुता का दावा कर सकता है क्योंकि इस क्षेत्र पर भारत का दावा 'वैधानिक' है।

- विदेश मंत्री ने कहा- भारत का संप्रभुता वाला दावा 'वैधानिक' है
- पीओके का लगभग 5,000 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया



विदेश मंत्री जयशंकर को उनका चित्र भेंट किया गया।

### दस साल पहले पीओके की कोई बात नहीं होती थी

क्षेत्र में बदलते राजनीतिक परिदृश्य की ओर संकेत करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत को पीओके में अपनी स्थिति को मजबूती से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें अपनी स्थिति बहुत मजबूत बनाए रखने की जरूरत है। हमें खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है। दस साल पहले, आपमें से कोई भी इस तरह बात नहीं कर सकता था, लेकिन आज ये बातें हो रही हैं। यह एक बदलाव है...भारतीय जनता को भी अब इस पर भरोसा है।बता दें कि जयशंकर कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंपने को लेकर भी पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते रहे हैं। इसके साथ-साथ पीओके को लेकर भी उनकी आलोचना करते रहे हैं।

### पाकिस्तान ने एक हिस्सा चीन को सौंपा

पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 के समझौते का हवाला देते हुए, जयशंकर ने कहा कि इस्लामाबाद ने दोस्ती के संकेत के रूप में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चीन को हस्तांतरित कर दिया, लेकिन उस समझौते में कहा गया है कि चीन अंततः पाकिस्तान या भारत के क्षेत्रीय दावों का सम्मान करेगा। उन्होंने कहा, 1963 में,पाकिस्तान और चीन अपनी दोस्ती को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए और चीन को करीब रखने के लिए पाकिस्तान ने पीओके का लगभग 5,000 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया। उस समझौते में लिखा है कि अंततः चाहे यह क्षेत्र पाकिस्तान का हो या भारत का, चीन इसका सम्मान करेगा।

### संप्रभु दावेदार तो भारत ही

विदेश मंत्री ने कहा,मैं चीन का राजदूत था। हम सभी चीन की पिछली हरकतों और पाकिस्तान के साथ मिलकर उसके काम करने के बारे में जानते हैं... ये उसका पुराना इतिहास है। हमने उनसे बार-बार कहा है कि इस जमीन पर न तो पाकिस्तान और न ही चीन अपना दावा कर सकता है। उस जमीन पर अगर कोई संप्रभु दावेदार है,तो वह भारत है। आपने कब्जा कर रखा है, आप वहां निर्माण कर रहे हैं, लेकिन उस भूभाग पर कानूनी स्वामित्व और अधिकार हमारा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

# केंद्र सरकार से कहा- विदेशी घुसपैठियों को तत्काल भेजें

### इन 17 लोगों पर भारत में कोई केस दर्ज नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 17 विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि तत्काल 17 विदेशी नागरिकों को वापस भेज जाए, जिन्हें असम के एक डिटेंशन कैंप में रखा गया है। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस एएस ओका ने टिप्पणी की कि जो संसाधन इन लोगों पर खर्च हो रहे हैं, वे भारत के लोगों को मिलने चाहिए। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि इन 17 लोगों के पास भारत में कोई केस दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें वापस भेजने में कोई अड़चन नहीं है।

अदालत ने कहा, 'रिपोर्ट से पता चलता है कि असम में डिटेंशन सेंटर है, जिसे ट्रांजिट कैंप भी कहा जाता है। डिटेंशन सेंटर में घोषित तौर पर 17 विदेशी मौजूद हैं, जिनमें से 4 तो दो साल से यहीं हैं।

### कोर्ट ने पूछा भेजने की प्रक्रिया क्या है?

अब इस केस की अगली सुनवाई कोर्ट ने 26 जुलाई को करने का फैसला लिया है। यह फैसला असम के डिटेंशन सेंटर्स की स्थिति को लेकर दिया गया। असम के इन डिटेंशन सेंटर्स में उन लोगों को रखा जाता है, जिनकी नागरिकता पर संदेह हो या फिर उन्हें ट्राइब्यूनल की ओर से विदेशी घोषित किया गया हो। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस भुइयां ने यह भी पूछा कि आखिर विदेश से आए लोगों को वापस भेजने की क्या प्रक्रिया है। अदालत ने कहा, 'एक बार ट्राइब्यूनल अपना नतीजा दे देते हैं कि ये लोग विदेशी हैं तो फिर अगला कदम क्या होता है? क्या आपकी पड़ोसी देशों के साथ इसे लेकर कोई समझौता है? यदि उन्हें वापस भेजना है तो यह कैसे होगा? आप उन्हें हमेशा सेंटर में ही नहीं रख सकते।'

### पहले 4 लोगों को वापस भेजें

*कोर्ट ने कहा हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को तत्काल इन्हें वापस भेजने के लिए कदम उठाने चाहिए। इन लोगों के खिलाफ किसी अपराध के तहत मुकदमा भी दर्ज नहीं है। सबसे पहले उन 4 लोगों को वापस भेजना चाहिए, जो 2 साल से डिटेंशन सेंटर में हैं।' अदालत ने कहा कि इस मामले में क्या ऐक्शन लिया गया, इसकी रिपोर्ट दो महीने के अंदर सौंपी जाए।*

## 'डिजिटल अरेस्ट' बना साइबर अपराध का बड़ा नया तरीका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तेजी से बदल रहे माहौल के बीच साइबर सिक्योरिटी एक अहम मुद्दा बन चुका है। इसी को लेकर गृह मंत्रालय ने साइबर क्राइम के नए तरीकों को लेकर एक नया अलर्ट जारी किया है। साइबर अपराधियों द्वारा जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने को लेकर अलर्ट जारी किया है। दरअसल, साइबर ठग अब सरकारी एजेंसियों के नाम पर लोगों को डरा धमकाकर पैसे ऐंठने का काम रहे हैं।

## ब्राजील के शिखर सम्मेलन में बोले

# जज कहीं के राजकुमार नहीं लोगों को सेवा देने वालेः चंद्रचूड़

एजेंसी ▶▶ डी जेनेरियो

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि जज कहीं के राजकुमार या संप्रभु नहीं हैं, उनका काम सेवा देना होता है। उन्होंने यह बात ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कही है। उन्होंने कहा कि जो अवमानना के लिए दोषी को दंडित करता है और सीजेआई चंद्रचूड़ ने इस बात पर जोर दिया कि फैसले लेने का रास्ता पारदर्शी होना जरूरी है, जो सबको साथ लेकर चले। रियो डी जेनेरियो में जे-20 शिखर सम्मेलन में बोलते हुए सीजेआई ने कहा आज हम एआई पर बात कर रहे हैं। एआई की मदद से यूं ही निर्णय नहीं लिए जा सकते। इसका स्पष्टीकरण होना चाहिए कि इस तरह का फैसला क्यों और किस आधार पर लिया गया है।




**SOUTH EAST CENTRAL RAILWAY**

P-HQ/GAZ/MED/HVS/33841 Date: 10.05.2024

**NOTIFICATION**

Short Notification is issued for engagement of Honorary Visiting Specialist for one year, purely on yearly contract basis, against 01 (One) vacancy (HVS/Pathologist) in Central Hospital, South East Central Railway/ Bilaspur. For more details i.e. eligibility qualifications, age, experience and other terms and conditions may please log on to SECR web site http://secr.indianrailways.gov.in.

(Vayavya Choubey)
Sr. Personnel Officer (HQ)
CPR/10/53 for Principal Chief Personnel Officer

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर 492001
वेब साईट www.cserc.gov.in ई-मेल : cserc.sec.cg@nic.in फोन नं. 0771-473568 फैक्स 4073553

**भिलाई स्टील प्लान्ट टाउनशिप एरिया हेतु खुदरा विद्युत दर पर आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने एवं जन-सुनवाई हेतु सूचना**

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 एवं 86(1)(ए) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहु-वर्षीय टैरिफ सिद्धांत के अनुसार टैरिफ के निर्धारण के नियम और शर्तें और टैरिफ और शुल्कों से अपेक्षित राजस्व के निर्धारण के लिए कार्यप्रणाली और प्रक्रिया) विनियम, 2021 के अनुपालन में बीएसपी-टीईडी द्वारा वर्ष 2024-25 में खुदरा दर निर्धारण एवं वर्ष 2020-21, वर्ष 2021-22 तथा वर्ष 2022-23 के ट्रू-अप हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है जिसे याचिका क्रमांक 106/2023 के रूप में पंजीकृत किया गया है।

उक्त याचिका एवं बीएसपी-टीड के साथ किया गया प्रत्राचार आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बीएसपी-टीड द्वारा उक्त याचिका पर लिखित आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किए जाने हेतु समाचार पत्रों में दिनांक 15/03/2024 को आम सूचना प्रकाशित की गई थी। आयोग द्वारा उक्त याचिका पर आयोग के कोर्ट रूम में दिनांक 28/05/2024 समय प्रातः 11:30 बजे जन-सुनवाई की जावेगी।

सचिव

**नाम परिवर्तन**

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय तह व जिला रायपुर छ.ग.

// शपथ पत्र //

यह मै जॉन विक्टर भंडारी पिता जेम्स भंडारी आयु 63 वर्ष निवासी नव प्रोव्हीजन स्टोर्स सेक्टर 01 शिवानंद नगर खमतराई तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की निवासी हूँ निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ:-

1/ यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।

2/ यह कि मेरे पुत्री के नाम पर आधार कार्ड नम्बर 3795 6283 9508 जारी किया गया जिसमें उसका नाम SHRAVANI अंकित है जो कि पूर्व का नाम है जिसे वर्तमान में संशोधन करवाकर नया नाम मारिया भंडारी (MARIA BHANDARI) करवाना है।

3/ यह कि मेरी बेटी के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या B 20242290434000450 0 दिनांक 13/05/2024 को जारी किया गया है जिसमें मेरी पुत्री का नाम मारिया भंडारी (MARIA BHANDARI) अंकित है। जो कि मेरी पुत्री का वर्तमान वास्तविक एवमं पूर्ण नाम है।

4/ यह कि एवं उक्त दोनों नाम मेरी पुत्री का ही नाम है जो एक ही मेरी पुत्री है। जिसके दो प्रचलित नाम हैं। मेरी पुत्री से संबंधित समस्त शिक्षा व अन्य दस्तावेजों में उसका नाम मारिया भंडारी (MARIA BHANDARI) दर्ज है जो सही एवं वास्तविक नाम है जिसे सही माना जाए, पढ़ा जाए एवं लिखा जाए एवं दर्ज व अंकित किया जाए इस हेतु यह शपथपत्र संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथपत्र में वर्णित कंडिका 01 से कंडिका 04 तक की दी गई जानकारी मेरे संपूर्ण ज्ञान में पूर्णतः सत्य है। अतः आज दिनांक 15/05/2024 मुकाम रायपुर छ.ग. में अपने हस्ताक्षर कर दिया हूँ।

स्थान रायपुर शपथकर्ता

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.)**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काष्ठागार जनकपुर में दिनांक 28-05-2024 को नया पुराना सागौन साल ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ चट्टों का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 10:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है। चुकि मुख्य निर्वाचन आयोग से परमिशन प्राप्त उपरांत अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पत्र क्रमांक उत्पा.1/187-III/701 अम्बिकापुर दिनांक 12.04.2024 को पत्र प्राप्ति के पश्चात निलाम विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है।

क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 80.000 | 400 | 11781 | 828.623 | 6588 | 102.644 |
| 2 | साल | 195.000 | 200 | 5734 | 339.080 | 3721 | 96.193 |
| 3 | बीजा | 0.000 | 0 | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| 4 | हल्दू, मुण्डी, बांसा | 0.000 | 0 | 8 | 0.465 | 0 | 0 |
| 5 | धावड़ा | 0.000 | 0 | 2 | 0.184 | 0 | 0 |
| 6 | सत्कठा | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0.318 |
| | योग - | 275.000 | 600 | 17529 | 1168.689 | 10324 | 199.360 |
| 7 | मिश्रित जलाऊ | 300 चट्टा नया | | - | | | |
| 8 | सागौन जलाऊ | - | | 127 चट्टा पुराना | | | |

टीप :-
1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 10.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2024 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई. एम. डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें।

वनमण्डलाधिकारी
G- 242500058/5 मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ शासन का एक उपक्रम) (छ. रा. वि. मं. की उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्या कार्यपालन यंत्री (सं / सं) संभाग बेमेतरा
Email ID : eeonm.bemetera@cspc.co.in

क्रमांक 3744/ सामान्य/ विज्ञा./1309 **विद्युत अवरोध की सूचना** बेमेतरा दिनांक 16/05/2024

(सं./सं.) संभाग छ. स्टे. पॉ. डिस्ट्र. कम्प. लिमि. बेमेतरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.05.2024 से दिनांक 05.06.2024 तक प्रि-मानसुन मेंटेनेंस कार्य बेमेतरा शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। अतः नीचे दिये गये दिनांक अनुसार समय सुबह 9:00 से दोपहर 3:00 बजे तक विद्युत अवरूद्ध रहेगा जिसके समय सीमा में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक / दिन | 33/11 उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17.05.2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. बेमेतरा शहर | 11 के.व्ही. बेमेतरा तीन (मोहभट्ठा फीडर) | ब्राम्हण पारा, मोहभट्ठा रोड, मोहभट्ठा बस्ती से संबंधित सतस्त उपभोक्ता। |
| 2 | 18.05.2024 शनिवार | 33/11 के.व्ही. कोबिया | 11 के.व्ही. सिंघौरी फीडर | कोबिया, विशाल नगर, अशोका विहार, शिशु मंदिर रोड, सिंघौरी, दीनदयाल आवास कंतेली से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 3 | 20.05.2024 सोमवार | 33/11 के.व्ही. कोबिया | 11 के.व्ही. सुंदर नगर फीडर | बी.टी.आई कॉलोनी, गोविन्द विहार, कृष्णा विहार, सुंदर नगर, पंजाबी पारा, कण्डरा पारा से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | 23.05.02024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. कोबिया | 33 के.व्ही. कोबिया, 11 के.व्ही गुनरबोड | कोबिया, गुनरबोड बस्ती, जी एडी क्वार्टर आर टी ओ ऑफिस से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 5 | 25.05.2024 शनिवार | 33/11 के.व्ही. बेमेतरा शहर | 11 के.व्ही. बेमेतरा एक फीडर, (भद्रकाली फीडर) | सिंधी पारा, कचहरी पारा, कलेक्टर बंगला, जिला न्यायालय, मेन रोड, बाजार पारा, कुर्मीपारा, सिरवाबांधा रोड से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 6 | 27.05.2024 सोमवार | 33/11 के.व्ही. कोबिया | 11 के.व्ही. सर्किट हाऊस फीडर | कोबिया बस्ती बेरला रोड, सर्किट हाऊस, समृद्धि विहार से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 7 | 28.05.2024 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. बेमेतरा शहर | 11 के.व्ही. बेमेतरा दो फीडर (दुर्ग रोड) | रेस्ट हाऊस रोड, प्रताप चौक, पुराना बस स्टैण्ड, गंजपारा, बस्ती चौक से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 8 | 30.05.2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. बेमेतरा शहर | 11 के.व्ही. बेमेतरा -4 फीडर | हाई स्कूल रोड, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी पिकरी, पिकरी बस्ती से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 9 | 31.05.2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. बेमेतरा शहर | 11 के.व्ही. बेमेतरा चार फीडर | नवागढ चौक, कवर्धा रोड, नवागढ रोड से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 10 | 05.06.2024 बुधवार | 33/11 के.व्ही. बेमेतरा शहर | 11 के.व्ही. बेमेतरा चार फीडर | नवागढ रोड विद्यानगर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें"

कार्यपालन यंत्री (संचा. एवं संधा.) संभाग
छ.स्टे. पॉ.डिस्ट्री.कम्प. लिमिटेड बेमेतरा

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा / संधा) संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड गरियाबंद**
**(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)**

क्रं. /053-5400 /सामा. / विज्ञापन / प्रकाशन /476 गरियाबंद दिनांक 16.05.2024

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33 के.व्ही. लाईन एवं उपकेन्द्रों तथा 11 के.व्ही. लाईनों में प्री-मानसून पूर्व रख-रखाव एवं सुधार कार्य हेतु नीचे दिये गये तिथियों में प्रातः 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र 33/11 के.व्ही. | प्रभावित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 18.05.2024 शनिवार | 33 के.व्ही. देवभोग फीडर 132/33 के.व्ही. इंदागांव से | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अमलीपदर, गोहरापदर देवभोग, झाखरपारा से संचालित समस्त ग्राम। |
| | | 33 के.व्ही. कोचवाय फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोचवाय, बारूला एवं पीपरछेड़ी से संचालित समस्त ग्राम। |
| 2 | 20.05.2024 सोमवार | 33 के.व्ही. देवभोग फीडर (धवलपुर से मैनपुर तक) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धवलपुर एवं मैनपुर से संचालित समस्त ग्राम। |
| | | 33 के.व्ही. छुरा - कोमा ( 33/11 के. व्ही. कोसमी सेक्शन) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोसमी ( नवापारा) से संचालित समस्त ग्राम। |
| 3 | 21.05.2024 मंगलवार | 33 के.व्ही. न्यू गरियाबंद फीडर (कोपरा ए. बी. स्विच से पोंड़ सबस्टेशन) | निरंक। |
| | | 33 के.व्ही. छुरा - कोमा ( 33/11 के. व्ही. रसेला सेक्शन) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रसेला से संचालित समस्त ग्राम। |
| 4 | 22.05.2024 बुधवार | 33 के.व्ही. मेचका फीडर 132 के. व्ही. तर्राघाटी नगरी से (मेचका सबस्टेशन से बरदुला ए.बी. स्विच तक) | निरंक। |
| | | 33 के.व्ही. सांकरा फीडर (पोंड़ से सांकरा सबस्टेशन) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जतमई सांकरा से संचालित समस्त ग्राम। |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिये खेद है।

"बिजली की बचत करें"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं"

कार्यपालन अभियंता (संचा / संधा) संभाग
छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि., गरियाबंद

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा एंड महिंद्रा का लाभ चार फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा का बीते वित्त वर्ष की चौथी (मार्च) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार प्रतिशत बढ़कर 2,754 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले साल की समान अवधि में 2,637 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका राजस्व नौ प्रतिशत बढ़कर 35,452 करोड़ रुपये रहा।

### गेल का लाभ 261फीसदी बढ़कर 2,176.97 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक हो गया है। गेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 261 प्रतिशत बढ़कर 2,176.97 करोड़ रुपये रहा।

### घरेलू कच्चे तेल पर घटा अप्रत्याशित कर लाभ



**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को बृहस्पतिवार से 8,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है।

# शुगर, इंफेक्शन, एलर्जी जैसी कई बीमारियों की 41 दवाएं और 6 फॉर्मूलेशन होंगी सस्ती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने कुछ बीमारियों के इलाज में काम आने वाली दवाओं के दाम पर राहत देने का फैसला कर लिया है। केंद्र सरकार ने 41 दवाओं और 6 फॉर्मूलेशन के दाम तय किए हैं। इसके बाद शुगर, दर्द, हार्ट, लिवर, एंटासिड, इन्फेक्शन, एलर्जी, मल्टीविटामिन, एंटीबायोटिक्स के दाम तय किए गए हैं जिससे 41 दवाएं सस्ती होंगी और आपको इन दवाओं के लिए ज्यादा खर्च नहीं करना होगा।

नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनपीपीए की 143वीं बैठक में ये फैसला हुआ है और इसके लिए गजेट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। एनपीपीए एक सरकारी रेगुलेटरी एजेंसी है जो भारत में फार्मास्युटिकल दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करती है।

### एनपीपीए के फैसले से मिलेगी राहत, एनपीपीए की 143वीं बैठक में हुआ फैसला

#### फरवरी में भी 69 दवाओं की कीमतें घटी थी

इसी साल फरवरी में भी एनपीपीए ने डाइबिटीज और हाइपरटेंशन दोनों बीमारियों में इस्तेमाल की जाने वाली 69 दवाओं की कीमत कम की थी। एनपीपीए ने इन बीमारियों में इस्तेमाल की जाने वाली 69 दवाओं के फॉर्मूलेशन का रिटेल प्राइस तय किया था और 31 फॉर्मुलेशन वाली दवाओं की कीमतों पर फैसला लिया था।



#### मरीजों को मिलेगी राहत

आमतौर पर इन्फेकेशन, एलर्जी के अलावा ये मल्टीविटामिन और एंटीबायोटिक्स दवाओं के दाम ऊंचे होते हैं जिसके चलते सामान्य इलाज का खर्चा भी अधिक हो जाता है। लिहाजा इन 41 दवाओं के सस्ते होने से आम लोगों को राहत मिलेगी।

#### देश में डाइबिटीज के 10 करोड़ से ज्यादा मरीज



भारत में डाइबिटीज के 10 करोड़ से ज्यादा मरीज है और दुनिया भर में सबसे ज्यादा शुगर के मरीज जिन देशों में हैं उनमें भारत भी आगे रहता है। देश में शुगर की बीमारी आम हो गई है और इसमें दवाओं से लेकर इंसुलिन पर निर्भर रहने वाले कई मरीजों के लिए ये नई खबर कुछ काम की साबित हो सकती है।

## पीएम के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य सान्याल ने कहा

# भारत अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

- भारत 2024-25 में 4000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा
- अगले वित्त वर्ष के शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ देगा
- देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

सान्याल ने यह भी कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'निश्चित रूप से चालू वित्त वर्ष में हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होंगे।'

#### हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 3700 अरब डॉलर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत वर्तमान में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बाजार मूल्य पर अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है।



#### जापान 4100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा आगे

सान्याल ने कहा कि जापान अब 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। उन्होंने कहा, 'या तो अगले साल की शुरुआत में या इसी साल, हम जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।' सान्याल ने कहा कि जर्मनी 4,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है और यह बढ़ नहीं रही है। इस लिहाज से यह एक स्थिर लक्ष्य है।



#### हमें नौ फीसदी वृद्धि दर से उत्साहित होना चाहिए

*सान्याल ने कहा, 'यदि आप इसे समझ गए, तो बढ़िया है, लेकिन समय के साथ लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि एक बहुत अच्छी वृद्धि दर है।' 'हमें नौ प्रतिशत को वृद्धि लेकर बहुत उत्साहित नहीं होना चाहिए।'*

#### वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की संभावना

वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। उन्होंने कहा, 'किसी विशेष वर्ष में बहुत ऊंची वृद्धि दर हासिल करने की कोशिश को लेकर भावुक होने की जरूरत नहीं है।'

#### कुछ देश बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे

सान्याल ने उदाहरण देते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया में अन्य देश भी हैं, जो 90 के दशक के मध्य में हमारी स्थिति में थे। उन्होंने कहा, 'आपको इंडोनेशिया, थाइलैंड आदि देशों की वृद्धि याद होगी। कुछ समय तक वे बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। और फिर एशियाई संकट में यह सब खत्म हो गया।'

#### हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे

रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से जुड़े एक सवाल के जवाब में सान्याल ने कहा कि यह रुपये को अधिक मांग वाली मुद्रा में बदलने के बारे में है। उन्होंने कहा, 'हमारी आंकाक्षा अगले दशक में अन्य कई मुद्राओं की तरह रुपये को ऐसी मुद्रा बनाने की आकांक्षा है, जिसकी दूसरे देशों में मांग हो। हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।'

#### दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे : पीएमईएसी

*सदस्य ने कहा, 'शायद दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मामले में, हम अब लक्ष्य के काफी करीब हैं।' उन्होंने तर्क दिया कि सरकार को आर्थिक वृद्धि को आठ-नौ प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए किसी भी वित्तीय कदम पर जोर नहीं देना चाहिए।*

# विनिवेश के बाद एयर इंडिया नहीं रही सरकार की इकाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा
- मौलिक अधिकार के उल्लंघन का मामला नहीं बनता

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को एक फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के कथित उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है।
इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई उच्च न्यायालय के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक नियंत्रण या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं रह गया है। भारी घाटे में चल रही सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। इसके साथ ही पीठ ने कहा, 'अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।

#### अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी कंपनी के परिभाषा में नहीं

इसके साथ ही पीठ ने कहा कि एयर इंडिया के अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी कंपनी की परिभाषा के दायरे में नहीं आने पर इसे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अदालत के रिट क्षेत्राधिकार के अधीन नहीं किया जा सकता है।


# श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में जांच एवं परामर्श शिविर कल से



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के द्वारा 18 मई शनिवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक निःशुल्क पेट, लिवर रोग, किडनी एवं मूत्र रोग जांच एवं परामर्श शिविर आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में डॉ अरुण अय्यर, डॉ करण सराफ एवं डॉ राहुल कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मरीजों को उपलब्ध परामर्श में आहार नली, छोटी आंत व अमाशय की बीमारियों की जांच, खून की उल्टी व दस्त की जांच, सभी प्रकार के लीवर संबंधित बीमारियों की जांच, डायलिसिस एवं किडनी ट्रांसप्लांट, पेशाब में जलन, खून आना, बी.पी. और पेट एवं पीठ में दर्द, खांसी, छींक के साथ पेशाब का निकलना, जैसे बीमारियों का इलाज किया जाएगा। उक्त शिविर में फ्री फाईब्रोस्कैन, फ्री ब्लड प्रेशर जांच, इन्वेस्टिगेशन में 20 प्रतिशत की छूट, एंडोस्कोपी में 20 प्रतिशत की छूट, सभी दवाईयों में 7 प्रतिशत की छूट, भर्ती मरीज को 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

# 'हाइपरटेंशन' एक साइलेंट किलर : डॉ. गौनियाल



- वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने बढ़ाई जागरूकता

**रायपुर।** हाई ब्लड प्रेशर को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे की थीम है अपने ब्लड प्रेशर को सही ढ़ंग से मापें, नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग 1.39 बिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं और भारत में लगभग 33% शहरी और 25% ग्रामीण लोग हाइपरटेंशन से ग्रसित हैं।

लोगों को हाइपरटेंशन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोलॉजी डॉ. सुनील गौनियाल ने बताया कि हाइपरटेंशन का असर हमारे हृदय पर बहुत ही घातक रूप में होता है और ऐसे में हमें बहुत सावधानियां बरतने की जरूरत है। हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि इसके कोई सटीक लक्षण नहीं होते हैं लेकिन कुछ लक्षणों को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए जैसे कि - सिरदर्द, थकान और सुस्ती होना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सीने में दर्द, सांसें तेज चलना या सांस लेने में तकलीफ होना, आंखों से धुंधला दिखना, नाक से खून आना। इससे बचाव के लिए समय-समय पर अपना ब्लड प्रेशर चेक करें, वजन को नियंत्रण में रखें, नियमित रूप से व्यायाम करें, खाने में नमक का सेवन कम करें, तनाव कम ले, खाने में कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम से भरपूर चीजों का सेवन ज्यादा करें।

# एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस में लिवाली से सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा।वहीं एनएसई निफ्टी 22,400 अंक के पार निकल गया। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसे शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया। निफ्टी भी 203.30 अंक की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी आई। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।'

# चांदी 1,800 रुपए के उछाल के साथ नए रिकॉर्ड पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 1,800 रुपये के उछाल के साथ 88,000 रुपये के स्तर को पार कर 88,700 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोने की कीमत 650 रुपये की तेजी के साथ 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त आई। दिल्ली में चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 88,700 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

#### दोनों धातुओं में तेजी जारी

पिछले सत्र में यह 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच सोने की कीमत 650 रुपये से उछलकर 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

ARSH-RAHAT
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करे
HMS
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईया है? आंखो पर काले घेरे है? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर
डॉ. संजीव कुमार सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीसीन)
मो. 9669109366, 7992636477
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

डॉ. जाऊलकर
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक
रायपुर (छ.ग.)

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
मो. 7999450384, 7042974029

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133



# भारतीय फुटबॉल के पोस्टर बॉय 6 जून को खेलेंगे अंतिम मैच 94 गोल के साथ दुनिया के तीसरे सबसे सक्रिय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महान भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद उनके लंबे और सुनहरे कॅरियर पर विराम लग जाएगा।

भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने सोशल मीडिया पर डाले वीडियो के जरिए यह घोषणा की। 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिए 94 गोल किए हैं। उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है। सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद उनके नाम सबसे ज्यादा गोल हैं।



## छेत्री भारत के खेल रत्न

सुनील छेत्री का जन्म 3 अगस्त, 1984 को सिकंदराबाद में हुआ था। उनके पिता केबी छेत्री आर्मी मैन थे, जबकि मां सुशीला नेपाल की नेशनल फुटबॉल टीम के लिए खेल चुकी हैं। छेत्री को साल 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया। इससे पहले उन्हें 2019 में पद्म श्री और 2011 में अर्जुन पुरस्कार मिला था। इसके अलावा छेत्री ने अपने शानदार करियर में छह बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता।

### सबसे ज्यादा गोल

| फुटबॉलर | देश | गोल | मैच |
|---|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 128 | 206* |
| अली दई | ईरान | 108 | 148 |
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 106 | 180* |
| सुनील छेत्री | भारत | 94 | 150* |
| मोख्तार दहारी | मलेशिया | 89 | 142 |

## साल्टलेक स्टेडियम में खत्म होगा सफर

छेत्री का आखिरी मैच कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम पर होगा। जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला, वहीं से विदा लेने से बेहतर इस स्वर्णिम यात्रा की परिणिति नहीं हो सकती। भारत इस समय चार अंक लेकर कतर के बाद ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। छेत्री ने मार्च में 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था और गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में गोल भी किया था। भारत हालांकि वह मैच 1-2 से हार गया था। देश के सबसे उम्दा स्ट्राइकर में से एक बने छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण मैच में गोल किया था।

## आत्मा की आवाज



छेत्री ने कहा, 'मैने अपने माता पिता और पत्नी को बताया। मेरे पिता सामान्य थे, राहत महसूस कर रहे थे, खुश थे। लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगे। वे मुझे बता नहीं सके कि रो क्यो रहे हैं। मैं थका हुआ या कुछ और महसूस नहीं कर रहा था। बस मुझे भीतर से आवाज आई कि यह मेरा आखिरी मैच होना चाहिए और मैने इसके बारे में बहुत सोचा।'

## छेत्री की उपलब्धियां

छेत्री भारत की नेहरू कप (2007, 2009, 2012), दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप (2011, 2015, 2021) में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे। वह 2008 एएफसी चैलेंज कप जीत में भी सूत्रधार रहे जिसकी मदद से भारत को 27 साल में पहली बार एएफसी एशियाई कप ( 2011) खेलने का मौका मिला। मोहन बागान के लिए 2002 में क्लब फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने अमेरिका में मेजर लीग फुटबॉल टीम कंसास सिटी विजार्ड्स के लिए 2010 में खेला और 2012 में पुर्तगाली फुटबॉल टीम में स्पोर्टिंग सीपी की रिजर्व टीम में रहे। सात बार एआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे छेत्री ने ईस्ट बंगाल, डेम्पो, इंडियन सुपर लीग टीम मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी के लिए खेला। बेंगलुरु एफसी के साथ उन्होंने आई लीग, आईएसएल, सुपर कप खिताब जीते।

## खेल जगत ने कहा- असली 'लीजेंड'

'मेरे भाई, तुम पर फक्र है।'
- विराट कोहली

'खेल का सही मायने में 'लीजेंड' जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया 'लीजेंड'।'
- युवराज सिंह

'आपकी मैदान के अंदर और बाहर की विरासत हमेशा याद रहेगी। आप हमेशा ही हमें प्रेरित करते हो और हमेशा ऐसा करना जारी रखोगे। शुक्रिया।'
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ

'इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है। भारतीय फुटबॉल के लिए उसका योगदान बहुत ज्यादा है। भारतीय फुटबॉल के लिए यह बड़ा नुकसान होगा। मैं भाग्यशाली हूं कि सीनियर खिलाड़ी के तौर पर उसके साथ खेला। जब मैं आया था तो आई एम विजयन मेरे सीनियर थे और मेरे बाद सुनील आया। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि भारतीय फुटबॉल की अगुआई करने वाले दो दिग्गजों के बीच में मैंने टीम की कप्तानी की थी।'
- बाईचुंग भूटिया

'आपका सफर कितना शानदार रहा। इस शानदार करियर के लिए आपको बधाई।'
- युजवेंद्र चहल

'कभी भी ऐसा होता हुआ नहीं देखना चाहता था। काश ऐसा कुछ कर पाता कि आपका मन बदल पाता लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसा क्यों हो रहा है भाई। मेरे कप्तान पूरे देश को छह जून को आपका अंतरराष्ट्रीय करियर का जश्न उस तरह मनाने की जरूरत है जिस तरीके के आप हकदार हो।'
- गुरप्रीत सिंह संधू

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 7 | 5 | 15 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

बाउंड्री मीटर

1978 चौके

1133 छक्के


# आईपीएल : दौड़ में चेन्नई, बेंगलुरु और लखनऊ शामिल

# बारिश ने हैदराबाद को दिलाया प्लेऑफ का टिकट, दिल्ली बाहर

मैच रद्द, 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित की। लगातार बारिश के कारण मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। मैच शुरू होने का निर्धारित समय सात बजकर 30 मिनट था लेकिन अंपायरों ने अंततः रात 10 बजकर 10 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला किया। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी गुजरात टाइटंस का यह लगातार दूसरा मैच है जो बारिश की भेंट चढ़ा। इससे पहले 13 मई को अहमदाबाद में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ भी टीम का मैच बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा था। साल 2020 के बाद हैदराबाद ने प्लेऑफ में जगह बनाई है, जबकि टीम ने कुल सातवीं बार प्लेऑफ का टिकट कटाया है। हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने से दिल्ली कैपिटल्स दौड़ से बाहर हो गई है। दिल्ली के 14 मैचों में 14 अंक हैं और उसके सभी मैच खत्म हो गए हैं। वह -0.377 रन रेट के साथ पांचवें स्थान पर रह गई है।




## अंतिम स्थान के लिए दौड़ में तीन टीमें

अब प्लेऑफ के लिए शेष एक जगह भरने के लिए तीन टीमें चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपरजाएंट्स दौड़ में हैं। हैदराबाद के अब 13 मैचों में 15 अंक हैं और चेन्नई सुपर किंग्स को छोड़कर कोई भी अन्य टीम 15 या इससे ज्यादा अंक नहीं बना सकती है। ऐसे में सनराइजर्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं। टीम को 18 मई को बेंगलुरु से भिड़ना है। बेंगलुरु और लखनऊ दोनों के 12-12 अंक हैं। हालांकि, लखनऊ का नेट रन रेट काफी निगेटिव है और उन्हें इसका भरपाई कर पाना मुश्किल होगा। ऐसे में चेन्नई और बेंगलुरु के बीच मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट माना जा रहा है।

## चेन्नई-बेंगलुरु के बीच नॉकआउट

*चेन्नई और बेंगलुरु के बीच चिन्नास्वामी में मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी, वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम होगी। बेंगलुरु को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए या तो 18 या इससे ज्यादा रन से मैच जीतना होगा। या फिर चेज करते हुए 10 या इससे ज्यादा शेष रहते मैच को खत्म करना होगा। यानी बेंगलुरु को 18.1 ओवर या इससे पहले लक्ष्य हासिल करना होगा। यह आंकड़े उस स्थिति के हैं जब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 रन का स्कोर बनाती है।*

## क्रिकेट मेरे खून में है टी20 परफेक्ट प्रारूप



**नई दिल्ली।** फर्राटा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है। आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ। बोल्ट ने न्यूयॉर्क से एजेंसी को फोन पर दिए इंटरव्यू में कहा, 'मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं। यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से दूत के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है। क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ लेकिन टी20 विश्व कप का दूत होना शानदार है।'

## एएफआई का 'प्यूमा' के साथ कई वर्षों का करार

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने खेलों के दौरान पहनने के लिए पोशाक बनाने वाले ब्रांड 'प्यूमा' के साथ कई वर्षों का करार किया है। इससे 'प्यूमा' घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान करीब 400 भारतीय खिलाड़ियों को पोशाक, जूते और अन्य साजो सामान मुहैया कराएगा।

थाईलैंड ओपन

## मेईराबा, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। सात्विक और चिराग की



दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

## शरत, मनिका ओलंपिक में करेंगे भारत की अगुवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया।

शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में 'वैकल्पिक खिलाड़ी' जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे।पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है। वर्ष 2004 में ओलंपिक पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यहां पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा।





### मानदंडों के अनुसार चयन

टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन टीटीएफआई के पहले से निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया था। तीन खिलाड़ियों का चयन पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और विश्व रैंकिंग के अनुसार 'स्वतः' हुआ। हालांकि महिला टीम की तीसरी खिलाड़ी को लेकर बहस चल रही थी। मनिका और श्रीजा अकुला अपनी उच्च विश्व रैंकिंग (शीर्ष 50 के अंदर) के आधार पर टीम का हिस्सा बनीं जबकि अर्चना (103) ने तीसरे खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह बनाई।

## हसरंगा और शाकिब टी20 रैंकिंग में शीर्ष आलराउंडर

दुबई। हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पंड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं।

## अंजुम, स्वप्निल ने ट्रायल में दर्ज की पहली जीत

एजेंसी ▶▶| भोपाल

ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमशः महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की।

स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने



463.9 अंक का स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

AXIS BANK
एक्सिस बैंक लिमिटेड
ए.सी.मार्केट, चतुर्थ तल, 1, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - 700071
बंधक स्वर्ण संपत्तियों की ई-नीलामी हेतु आम सूचना

विशेष रूप से ऋणधारकों और सामान्य रूप से आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित करने का प्रस्ताव है।

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने सुरक्षा के लिए बैंक के पक्ष में सोने के आभूषणों ('गोल्ड लोन सुविधा') को गिरवी रखकर एक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाया है। ऋणधारकों/जमानतदारों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें ऋणधारकों/जमानतदारों को प्राप्त स्वर्ण ऋण सुविधा के लिए उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। चूंकि ऋणधारक/जमानतदार बकाया ऋण राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए बैंक प्रतिज्ञा को लागू करने के लिए बाध्य है और 27-05-2024 (दिनांक) को दोपहर 12.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे (ई-नीलामी का समय) निम्नलिखित संपत्ति की अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की 'जैसा कि जहां है', 'जैसा है जो है', 'जो कुछ भी है' और 'नो रिकोर्स आधार पर' ई-नीलामी बिक्री आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है।।

ऋणधारकों और बकाया राशि का विवरण:-

| शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता सं. | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | कुल भार ग्राम | शुद्ध भार ग्राम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रोहिबाड़ा सी1443 (सीटी) | महेश कुमार करमा | XXXXXXXXXXX2749 | 203010 | 27 - मार्च -24 | 61.000 | 61.000 |
| धामपुर जद (सीटी) | केशर सेठी | XXXXXXXXXXX8850 | 103942 | 02 -अप्रैल - 24 | 27.480 | 27.060 |
| दीपका शाखा कोरबा (सीटी) | मदनजीत सिंह राजपूत | XXXXXXXXXXX1432 | 168446 | 02 -अप्रैल - 24 | 48.400 | 46.000 |
| डोंगरगढ़ (सीटी) | रूपेश यादव | XXXXXXXXXXX4268 | 131356 | 27 - मार्च -24 | 34.400 | 33.500 |
| जगदलपुर (सीटी) | अजय ठाकुर | XXXXXXXXXXX3961 | 68957 | 02 -अप्रैल - 24 | 18.100 | 17.500 |
| कोण्डागांव सी 6079 (सीटी) | मोहम्मद इरफान रिज्वी | XXXXXXXXXXX6624 | 66889 | 02 -अप्रैल - 24 | 16.900 | 16.800 |
| कोरबा (सीटी) | मंजू केवट | XXXXXXXXXXX4280 | 118255 | 15-फरवरी-24 | 31.940 | 29.530 |
| कोरबा (सीटी) | राजेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX1186 | 92981 | 15-फरवरी-24 | 25.520 | 23.300 |
| नारायणपुर (सीटी) | सुब्रत सरकार | XXXXXXXXXXX5649 | 230970 | 02 -अप्रैल - 24 | 58.510 | 57.600 |
| राजेन्द्र नगर, बिला. (सीटी) | प्रभा चंद्रवंशी | XXXXXXXXXXX5379 | 76455 | 02 -अप्रैल - 24 | 22.000 | 21.000 |
| राजिम (सीटी) | खम्मन लाल सेन | XXXXXXXXXXX7559 | 27616 | 02 -अप्रैल - 24 | 7.800 | 7.550 |
| राजिम (सीटी) | खम्मन लाल सेन | XXXXXXXXXXX7520 | 25974 | 02 -अप्रैल - 24 | 7.200 | 7.100 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/नीलामी तिथि बदलने का अधिकार है। नीलामी दोपहर 12.30 बजे से 3.30 बजे (समय) के बीच ऑनलाइन https://gold.samil.in (ऑनलाइन विक्रेता की वेबसाइट) पर आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट https://gold.samil.in (ऑनलाइन विक्रेता की वेबसाइट) पर लॉग इन करें।

दिनांक: 17.05.2024
स्थान: कोलकाता

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR AT (H.No.797-II, "Shantikunj" South Civil Lines), JABALPUR
ORIGINAL APPLICATION NO.604 OF 2022 Exh. No.....
BANK OF INDIA ... APPLICANT
VERSUS
M/S GROW WELL AGRO INC. ... DEFENDANTS
To,
1. M/s Grow Well Agro Inc. through its Partners Mr. Ramandeep Singh Sahni & Mr. Daljeet Singh Sahni, having its:
i. registered office at Flat No.A-5, Ashoka Tower, Shanker Nagar, Raipur (C.G.)-492001 &
ii. Farm at village Bhimbori, P.H. No.15 ROC, Tehsil Tilda, District Raipur (C.G.).
2. Mr. Ramandeep Singh Sahni son of Mr. Daljeet Singh Sahni (Partner/Guarantor), resident of Flat No.A-5 Ashoka Tower, Shanker Nagar, Raipur (C.G.)-492001.
3. Mr Daljeet Singh Sahni son of Mr. Rajinder Singh Sahni (Partner/Guarantor), resident of Flat No.A-5 Ashoka Tower, Shanker Nagar, Raipur (C.G.)-492001.

SUMMONS

Whereas, O.A. No.604 of 2022 was listed before the Hon. Presiding Officer on 31.05.2022.
Whereas, the Hon. Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said application under Section 19(4) of the Act, (OA) filed against you recovery of debts of Rs. 3,56,54,790.42.
In accordance with sub-section (4) of Section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:
(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
(ii) To disclosed particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No.3A of the Original Application.
(iii) You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial No.3A of the Original Application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of business any of the assets over which security interest created and/or other assets and properties specified or disclosed under Serial No.3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
(vi) You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before 10/09/2024 at 10:30 a.m. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this 14th day of May 2024.

Signature of the Officer
Authorised to issue summons

FORM NO. IV
(See sub-rule (2A) of rule 5)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
(Shantikunj, H. No.797-II South Civil Line, Jabalpur (M.P.)
(Areas of jurisdiction: Madhya Pradesh & Chattisgarh)
Summon under sub-section(4) of section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.
BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR AT (H.No.797-II "Shantikunj" South Civil Lines), JABALPUR (M.P.)-482001.
CASE No. OA No. 544/2023
BANK OF INDIA ... APPLICANT
VERSUS
M/s. KHAN CYCLES & AUTO STORES & ORS. ... DEFENDANT
To,
1. M/s khan cycles & Auto Atores through it's propietor Mr. Mohd. Sabir Khan having its registered office at ward No.4, Golbazar, Thankhamariya, Tehsil Thankhamariya, District Bemetara (C.G.)
2. Mr Mohd. Sabir Khan son of late Mohd. Khalil Khan, resident of ward No.14, Musalman Mohalla, Thankhamariya, Tehsil Thankhamariya, District Bemetara (C.G.)
3. Mohd. Zubair Alam son of Mr. Sakiruddin, resident of D-5, Simran City, Chorasiya Colony, Santoshi Nagar, Raipur (C.G.).
Whereas, O.A. No. 692/2023 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 13/6/2023.
Whereas, the Hon'ble Tribunal Please to issue summons/notice on the said application under Section 19(4) of the Act, (OA) filed against you recovery of debts of Rs. 45,39,188.52/- plus interest and other charges (application alongwith copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub section (4) of section 19 of the act, you, the defendants are directed as under:
(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
(ii) To disclosed particulars of the properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No.3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iii) You are restrained from dealing with of disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial Number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal.
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 21/06/2024 at 10.30 a.m. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this 14th day of May 2024.
By Order of the Tribunal


Registrar
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

# सोने के ढेर पर बसा ये शहर अंतरिक्ष के सबसे है नजदीक

**लंदन।** अगर कोई आपसे पूछे कि धरती का कौन सा हिस्सा अंतरिक्ष के सबसे नजदीक है, तो शायद आपका जवाब होगा पेरू का ला रिनकोनाडा। जी हां, आप बिल्कुल सही हैं। ला रिनकोनाडा दुनिया का सबसे ऊंचा शहर है। यह लगभग 16,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। लेकिन, इसकी एक और पहचान है। यह शहर सोने के ढेर पर बसा हुआ है। आपको लग रहा होगा कि यहां के लोग काफी अमीर होंगे। उनके पास बहुत सारा सोना होगा। मगर ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। एक शख्स ने इस शहर की पोल खोली है, जिसे जानने के बाद लोग सन्न हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ला रिनकोनाडा के नीचे सोने की इतनी खदानें हैं कि अगर सारा सोना बाहर आ जाए तो कई देशों की अर्थव्यवस्था सुधर जाए। 20वीं सदी की शुरुआत में इस शहर की खोज सोने के एक खदान के रूप में की गई। लोगों को लगा कि उनके हाथ अगर सोना लग गया, तो अमीर हो जाएंगे। फिर क्या था, तमाम लोग इस ओर भागने लगे। अब यहां 50 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं, जिसमें से ज्यादातर मजदूर हैं। जो सोने की खदानों में काम करते हैं। यहां की अनानिया मर्कल जगह सबसे मशहूर टूरिस्ट स्पॉट है। जहां से लगता है कि आपको पूरी धरती नजर आ रही हो।


## बिल्ली जितने लंबे होते हैं गैम्बियन पाउच रैट प्रजाति के चूहे

**लंदन।** दुनिया में आपने बड़े चूहों के बारे में खूब सुना होगा, पर क्या आपने ऐसे चूहे के बारे में सुना है जो बिल्ली जितने लंबे होते हैं। जी हां, गैम्बियन पाउच रैट प्रजाति वाला चूहा 'दुनिया का सबसे बड़ा चूहा' है।हैरानी की बात लगती है, लेकिन दुनिया में बहुत से लोग हैं इस तरह के चूहों को पालने का शौक रखते हैं। अक्सर पालतू जानवरों के रूप में रखे जाने वाले ये विशाल जानवर चौंकाने वाले, प्यारे और समान रूप से थोड़े गंभीर होते हैं। मूल रूप से इन चूहों को बारूदी सुरंगों को सूंघने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। लेकिन अमेरिका के फ्लोरिडा में इनका आतंक है। इनकी आबादी के बढ़ने की आशंका को देखते हुए इन्हें खत्म किया जा रहा है। टेक्सास इनवेसिव स्पीशीज़ इंस्टीट्यूट की वेबसाइट के अनुसार विशाल चूहा, 'जो एक छोटी घरेलू बिल्ली के बराबर है,' फ्लोरिडा कीज़ में अपने नए घर के लिए पारिस्थितिक खतरा पैदा करता है। गैम्बियन चूहा गाल की थैलियों में अनाज और भोजन जमा करने की क्षमता के कारण अन्य कुतरने वाले जानवरों से अलग होता है। इससे एक समय में भोजन की अधिक खपत होती है और फसलों को नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com